

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

jaipurtimes.org
twitter.com/JaipurTimes2
dainikjaipurtimes
youtube.com/c/JaipurTimes
instagram.com/jaipurtimesjt

वर्ष : 10 अंक : 15 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, मंगलवार 4 फरवरी, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2


# राजस्थान विधानसभा में धर्मांतरण विरोधी विधेयक पेश

## बजट सत्र में ही बहस के बाद पारित कराएगी सरकार




जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। राजस्थान विधानसभा में भजनलाल सरकार ने सोमवार को धर्मांतरण विरोधी विधेयक पेश कर दिया। लालच में या जबरन धर्म परिवर्तन करने को संज्ञेय अपराध घोषित करने के लिए भजनलाल सरकार नया कानून ला रही है। इसके लिए सोमवार को विधानसभा में नया बिल पेश कर दिया गया है। इसे दि राजस्थान प्रोहिबिशन ऑफ अनलॉफुल कन्वर्जन ऑफ रिलीजन बिल-2024÷ नाम दिया गया है। पिछले साल कैबिनेट की बैठक में इस विधेयक के प्रारूप को मंजूरी मिली थी। हालांकि अभी विधेयक पारित नहीं हुआ है। सत्र के दौरान इस पर बहस होगी। इसके बाद इसे विधानसभा से पारित कर राष्ट्रपति को मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। विधेयक के कानून बनने के उपरांत कोई व्यक्ति या संस्था, किसी व्यक्ति पर मिथ्या निरूपण, कपटपूर्वक, बलपूर्वक, अनुचित प्रभाव आदि का प्रयोग कर धर्म परिवर्तन नहीं करवा सकेंगे। अगर कोई व्यक्ति अथवा संस्था ऐसा कृत्य करते हैं, तो उनके लिए विधेयक में अधिकतम 10 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है।

### लव जिहाद किया तो अमान्य घोषित होगा विवाहः

यदि कोई व्यक्ति विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन कराने के उद्देश्य से विवाह करता है, तो पारिवारिक न्यायालय ऐसे विवाह को अमान्य घोषित कर सकता है। इस विधि में अपराध गैर-जमानती व संज्ञेय होंगे। उन्होंने कहा कि अन्य कई राज्यों में जबरन धर्मान्तरण को रोकने के लिए पहले से ही कानून अस्तित्व में है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने इस धर्मांतरण विरोधी बिल को सदन में पेश किया। संसदीय कार्य और कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि राजस्थान के लिए धर्मांतरण बिल की बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा, राजस्थान के परिप्रेक्ष्य में यह विधेयक जरूरी था।

### वसुंधरा के कार्यकाल में भी आया था विधेयक

बीजेपी की तत्कालीन सीएम वसुंधरा राजे भी 2008 में धर्म स्वातन्त्र्य विधेयक लाई थीं लेकिन पिछले 16 साल में यह विधेयक राष्ट्रपति भवन में अटका रहा। राष्ट्रपति की अनुमति के बिना यह बिल कानून का रूप नहीं ले पाया। इसके बाद भजनलाल सरकार ने मौजूदा सत्र में इस बिल को वापस लेकर नया बिल पेश किया है।

### अन्य राज्यों में धर्म परिवर्तन कानूनों की स्थिति

राजस्थान से पहले देश के कई राज्यों में धर्म के गैरकानूनी रूपांतरण को लेकर कानून बनाए जा चुके हैं। यूपी की योगी सरकार 27 नवंबर, 2020 को धर्म के गैरकानूनी रूपांतरण पर प्रतिबंध लगाने के लिए अध्यादेश लाई थी। इसके बाद मध्यप्रदेश सरकार ने जनवरी 2021 में मध्यप्रदेश धर्म की स्वतंत्रता अध्यादेश, 2020 को लागू किया। हरियाणा में तत्कालीन मनोहरलाल खट्टर सरकार ने भी हरियाणा विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन निवारण नियम, 2022 बनाया।

### नए बिल के प्रावधान

- ❒ नए बिल के तहत जबरन धर्मांतरण पर 1 से 10 साल की सजा का प्रावधान किया गया है।
- ❒ इसे संज्ञेय अपराध की श्रेणी में माना गया है।
- ❒ पीड़ित पक्ष की तरफ से कोई भी रक्त संबंधी धर्म परिवर्तन के विरुद्ध एफआईआर करवा सकता है।
- ❒ यदि कोई व्यक्ति अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन करता है तो उसे 60 दिन पहले इसकी सूचना कलेक्टर ऑफिस को देनी होगी।

### देश भर में धर्मांतरण विरोधी कानूनों की तुलनाः

एनडीए सरकार की अगुवाई में 2019 में हुए लोकसभा चुनावों के दौरान लव जिहाद का मुद्दा जमकर उछाला गया। इसके बाद उत्तरप्रदेश के विधि आयोग ने जबरन/ धोखाधड़ी से धर्म परिवर्तन की बढ़ती घटनाओं का हवाला देते हुए नवंबर 2019 में धर्म परिवर्तन को विनियमित करने के लिए एक नया कानून बनाने की सिफारिश की। इस सिफारिश पर अमल करते हुए उत्तरप्रदेश की योगी सरकार ने 2020 में अध्यादेश जारी कर दिया। यूपी के बाद एमपी सरकार ने भी धर्म परिवर्तन को विनियमित करने के लिए जनवरी 2021 में एक अध्यादेश जारी करने का फैसला किया। इसके बाद जुलाई 2024 में यूपी विधानसभा ने गैरकानूनी धर्म परिवर्तन (संशोधन) विधेयक, 2024 पारित कर दिया।

## सनातन संस्कृति की रक्षा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदमः डॉ. सतीश पूनियां



जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। प्रदेश की भजनलाल सरकार की ओर से सोमवार को पेश किया गया धर्मांतरण विरोधी विधेयक सनातन संस्कृति की रक्षा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह कहना है राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और हरियाणा प्रभारी डॉ. सतीश पुनिया का। उन्होंने इस विधेयक को राजस्थान की सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम करार दिया है। काबिले गौर है कि वर्ष 2023 में डॉ. सतीश पूनियां धर्मांतरण विरोधी बिल लाया गया था, तत्कालीन कांग्रेस सरकार के शासन में विधानसभा अध्यक्ष ने इस बिल को खारिज कर दिया था। राजस्थान भाजपा की भजनलाल सरकार की ओर से धर्मांतरण विरोधी धार्मिक विधेयक राजस्थान विधि विरुद्ध धर्म- संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2025' विधानसभा में पेश किया गया है, इस बिल का भाजपा हरियाणा प्रभारी, भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने स्वागत करते हुए कहा कि यह बिल राजस्थान की सनातन संस्कृति व मूल्यों की रक्षा करने की दिशा में महत्वपूर्ण विधेयक है। इस तरह के महत्वपूर्ण कानून की प्रदेश में पिछले दो दशकों से मांग चल रही थी। पंद्रहवी विधानसभा के आखिरी सत्र में भाजपा राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष रहने के दौरान बतौर आमेर विधानसभा सदस्य डॉ. सतीश पूनियां की ओर से लगभग इसी तरह के मसौदे वाला एक गैर सरकारी विधेयक 'राजस्थान विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2023' विधानसभा में लाया गया था। लेकिन तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली कांग्रेस की तत्कालीन अशोक गहलोत सरकार के शासन में तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष ने उस धर्मांतरण विरोधी प्राइवेट बिल को यह कहकर खारिज कर दिया था कि यह संविधान के अनुच्छेद 25 के विरूद्ध है। पूनियां ने कहा कि मतांतरण पर भाजपा की शुरू से स्पष्ट नीति रही है कि सभी को अपना धर्म चुनने और उसका पालन करने की स्वतंत्रता है लेकिन बलपूर्वक कोई भी किसी का मतांतरण नहीं कर सकता।

# पर्यटन को बढ़ावा, तकनीकी सहयोग सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा



स्विस राजदूत माया ने की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से मुलाकात

जयपुर टाइम्स

जयपुर (कासं.)। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से सोमवार को उप मुख्यमंत्री कार्यालय में स्विस राजदूत माया तिस्साफी ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान राज्य सरकार व स्विस सरकार के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शॉर्ट टर्म स्किल डवलपमेंट कोर्स संचालित करने, एडवेंचर ट्यूरिज्म को बढ़ावा देने में सहयोग करने पर विस्तृत चर्चा हुई। इसके साथ ही ट्रेफिक मैनेजमेंट, वेस्ट मैनेजमेंट, सैनिटेशन आदि क्षेत्रों में तकनीकी सहयोग पर भी दोनों के बीच में सकारात्मक चर्चा हुई। इस दौरान स्विस राजदूत ने वर्ल्ड हैरीटेज सिटी जयपुर के स्थापत्य, कला व आतिथ्य की जमकर सराहना की।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया 'आपणी सड़कां' पुस्तिका का विमोचन

## गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण की सरल हिन्दी भाषा में मिलेंगी जानकारी

जयपुर टाइम्स



जयपुर (कासं.)। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सोमवार को उपमुख्यमंत्री कार्यालय में सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से सड़क निर्माण की जानकारी के लिए आपणी सड़काँ....एक मात्र संकल्पः गुणवत्तापूर्ण निर्माण शीर्षक से हिन्दी में तैयार की गई पुस्तिका का विमोचन किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उच्च गुणवत्ता की सड़क किसी भी देश/राज्य की अर्थव्यवस्था की धुरी है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार का प्राथमिक लक्ष्य बेहतरीन सड़क नेटवर्क विकसित करने के साथ सड़कों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना भी है।

उन्होंने कहा कि सरल बोल-चाल की भाषा में तैयार की गई यह पुस्तक सड़क निर्माण से जुड़े अभियन्ताओं- सुपरवाईजरों व अन्य लोगों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगी और गुणवत्ता पूर्ण सड़क निर्माण सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होगी।


मुख्य अभियंता (गुण नियंत्रण) जसवंत खत्री ने बताया कि काफी समय से प्रदेश में ग्रामीण सड़कों के निर्माण कार्य से जुड़े विभागीय अभियंताओं, संवेदकों के इंजीनियरों - सुपरवाईजरो, अभियांत्रिकी व पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों के सिविल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों की ओर से ऐसी पुस्तिका की आवश्यकता अनुभव की जा रही थी जिसमें ग्रामीण सड़कों के निर्माण से सम्बधित अखिल भारतीय स्तर के मानकों, सरल निर्माण कार्य विधि व अन्य तकनीकी जानकारी सरल बोल-चाल की भाषा में एक साथ प्राप्त की जा सके। उन्होंने बताया कि पीडब्ल्यूडी की क्वालिटी कन्ट्रोल सर्किल, बीकानेर के अधिक्षण अभियंता सुनील गहलोत व उनकी टीम की ओर से यह पुस्तिका तैयार की गई है।

### पुस्तिका में मिलेगी यह जानकारी

गैर शहरी सड़कों के लिए ज्यामितीय डिजाइन मानक, मिट्टी का कार्य, ग्रेनुलर सब बेस कार्य, बेस कोर्स, डामर कार्य, सीमेन्ट कंक्रीट कार्य, इन्टरलॉकिंग ब्लॉक कार्य, क्रॉस ड्रेनेज कार्य और गुण नियंत्रण सहित विभिन्न उपयोगी जानकारी पुस्तक में समाहित की गई है।

# महाकुंभ पर सदन में विपक्ष का जमकर हंगामा

## बिरला ने विपक्षी सदस्यों को दी नसीहत



जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी)। बजट सत्र के तीसरे दिन सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही विपक्षी सदस्य महाकुंभ में मची भगदड़ की घटना पर सरकार से जवाब की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे। लोकसभा अध्यक्ष ने नारेबाजी कर रहे सदस्यों से कहा कि इस विषय का उल्लेख राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में किया था। आप लोग अभिभाषण पर चर्चा के दौरान यह विषय रख सकते हैं। बजट सत्र के तीसरे दिन सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। वे महाकुंभ में मची भगदड़ की घटना पर सरकार से जवाब की मांग कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने जमकर नारेबाजी भी की। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में नारेबाजी करने वाले विपक्षी दलों के सांसदों से कहा कि यदि जनता ने उन्हें नारे लगाने के लिए भेजा है जो यही काम करें या फिर कार्यवाही चलने दें। दरअसल, बजट सत्र के तीसरे दिन सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही विपक्षी सदस्य महाकुंभ में मची भगदड़ की घटना पर सरकार से जवाब की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे। लोकसभा अध्यक्ष ने नारेबाजी कर रहे सदस्यों से कहा कि इस विषय का उल्लेख राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में किया था। आप लोग अभिभाषण पर चर्चा के दौरान यह

### प्रश्नकाल महत्वपूर्ण समय होता है

उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल महत्वपूर्ण समय होता है, जिसमें सरकार की जवाबदेही तय की जा सकती है। बिरला ने विपक्षी सदस्यों से सदन चलने देने की अपील की। समाजवादी पार्टी के कुछ सदस्य जब आसन के निकट पहुंचकर नारेबाजी करने लगे तो बिरला ने कहा कि आपको जनता ने मेज तोड़ने के लिए नहीं भेजा है। प्रश्न पूछने के लिए भेजा है। अगर इसीलिए भेजा है तो जोर-जोर से मारिए। उन्होंने कहा कि अगर आपको देश की जनता ने नारेबाजी के लिए भेजा है तो यही काम करिए। यदि सदन चलाना चाहते हैं तो अपनी सीट पर जाकर बैठिए। उन्होंने प्रश्नकाल के बाद विपक्षी सदस्यों से कहा कि मैं आप सबसे आग्रह करना चाहता हूं कि आप जिन भी विषयों को उठाना चाहते हैं, राष्ट्रपति अभिभाषण पर चर्चा में उन सभी को उठा सकते हैं। आपको पर्याप्त समय और अवसर दिया जाएगा।

बिरला ने कहा कि कई मंचों पर यह निर्णय हुआ है कि प्रश्नकाल स्थगित नहीं होना चाहिए, यह सभी सदस्यों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अन्य मुद्दे प्रश्नकाल के बाद उठाए जाने की परंपरा कायम की जानी चाहिए। उन्होंने हंगामा करने वाले सांसदों से कहा कि हम संकल्प लें कि प्रश्नकाल कभी स्थगित न हो। यह मेरा आग्रह है। यदि आप नारेबाजी करने आए हैं, संसद को नियोजित तरीके से स्थगित कराने आए हैं, मेजें थपथपाने आए हैं तो मैं आपसे कुछ नहीं कह सकता। मैं आग्रह ही कर सकता हूं।

### मृतकों का सही आंकड़ा नहीं बताने का आरोप

विपक्षी दलों के सदस्यों ने 'प्रधानमंत्री जवाब दो' और 'शेम शेम' के नारे लगाए। बता दें कि मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज महाकुंभ में मची भगदड़ में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई थी। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का आरोप है कि सरकार ने इस घटना में मृतकों का सही आंकड़ा नहीं बताया। इससे पहले संसद के निचले और ऊपरी दोनों सदन में ही जमकर हंगामा हुआ। इस वजह से बजट सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही बाधित हुई। विपक्षी सांसद महाकुंभ भगदड़ की घटना समेत कई मुद्दों पर सरकार के खिलाफ लगातार नारेबाजी कर रहे थे। राज्यसभा में दूसरे दिन की कार्यवाही भी शुरू हुई तो विपक्षी दलों के सभी सांसद राज्यसभा से बाहर चले गए।

जयपुर डिस्कॉम की नई पहल

## रूफ टॉप सोलर लगाने वाले तकनीकी कार्मिकों को मिलेगा मासिक प्रोत्साहन

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। जयपुर विद्युत वितरण निगम (जयपुर डिस्कॉम) ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत रूफ टॉप सोलर लगाने में योगदान देने वाले तकनीकी कार्मिकों को प्रोत्साहित करने की अनूठी पहल शुरू की है। इस योजना के तहत जयपुर शहर और जयपुर जिला सर्किल (उत्तर) के 12 तकनीकी कार्मिकों को सम्मानित किया गया और प्रत्येक को 1,000 के प्रोत्साहन चेक प्रदान किए गए।

डिस्कॉम्स चेयरमैन आरती डोगरा के निर्देशानुसार, योजना में अच्छा प्रदर्शन करने वाले तकनीकी कार्मिकों को प्रतिमाह सम्मानित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इस पहल का उद्देश्य सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना और तकनीकी कर्मचारियों को अधिक सक्रिय रूप से योजना में भाग लेने के लिए प्रेरित करना है। अक्टूबर माह के लिए तकनीकी हैल्पर प्रथम मुकेश मीणा, प्रेमचंद जाजोरिया, भरत सिंह, औंकार सिंह, डोरी नारायण, तकनीकी हैल्पर द्वितीय देवेन्द्र सेन, नरेन्द्र मौर्य, शक्ति सिंह, विजय कुमार, कुलदीप सिंह, एसएसए प्रथम नंदकिशोर गोठवाल और लाइनमैन प्रथम हरिकिशन मीणा को सम्मानित किया गया। डिस्कॉम्स चेयरमैन ने कहा कि इस पहल से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और कार्मिक अधिक मनोयोग से कार्य करेंगे, जिससे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने की मंशा को गति मिलेगी। अन्य सर्किलों में भी इसी आधार पर तकनीकी कार्मिकों को सम्मानित किया जाएगा।

# गुर्जर समाज का देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान : भजनलाल

## राज्य सरकार अति पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध




जयपुर टाइम्स

जयपुर (कासं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अति पिछडा वर्ग के कल्याण व उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। गुर्जर समाज को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार व कौशल के उचित अवसर उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। साथ ही, समाज की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने के लिए अहम कदम उठाए गए हैं। सीएम शर्मा ने सोमवार को बिडला सभागार में देवनारायण जी की 1113वीं जयंती (4 फरवरी) के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गुर्जर समाज समर्पण से कार्य कर देश की अर्थव्यवस्था और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इस समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। समाज ने न केवल युद्ध में अपना कौशल दिखाया अपितु देश की सामाजिक संस्कृति को संजोए रखने का भी कार्य किया है।

### विकास के पथ पर विरासत का भी संरक्षण

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप हमारी सरकार विकास कार्यों के साथ-साथ विरासत संरक्षण का कार्य कर रही है। खाटूश्याम मंदिर में कॉरिडोर निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है और पूंछरी का लौठा का पुनर्विकास किया जा रहा है। साथ ही, कैमरी के जगदीश मंदिर में कृष्णगमन पथ के तहत और देवनारायण मंदिर आसींद (भीलवाड़ा) में विकास कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रयागराज में महाकुंभ मेले में बेहतरीन व्यवस्थाएं की गई हैं।

### पशुपालकों के कल्याण के लिए किए नीतिगत निर्णय

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने एक वर्ष के कार्यकाल में पशुपालकों व कृषकों के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए कई नीतिगत निर्णय लिए हैं। गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना के अंतर्गत डेयरी से संबंधित गतिविधियों और दुग्ध, चारा, बांटा संबंधी उपकरण खरीदने के लिए एक लाख रुपए तक ब्याज मुक्त अल्पकालीन ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही, अति पिछडा वर्ग के युवाओं को शिक्षा के उचित अवसर उपलब्ध कराने के लिए भी कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि कुचामन सिटी-डीडवाना, बाली (पाली), कोटपूतली, पसोपा (नगर) में देवनारायण आवासीय विद्यालय खोलने के लिए स्वीकृति जारी कर भूमि आवंटित कर दी गई है। नसीराबाद में देवनारायण बालिका छात्रावास के निर्माण के लिए कार्यादेश जारी कर भूमि आवंटित कर दी गई है। तिजारा में देवनारायण बालिका छात्रावास के लिए भूमि आवंटित कर भवन निर्माण के लिए स्वीकृति जारी कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद जो परिवर्तन आया है, उसे सभी महसूस कर रहे हैं। देश में गरीब कल्याण की योजनाएं, विकास योजनाएं, आतंकवाद-नक्सलवाद का खात्मा और दुनिया में बढ़ता भारत का गौरव देश के हर नागरिक ने देखा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1893 में स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि 21वीं सदी भारत की होगी। आज हमारे प्रधानमंत्री उनकी बात को चरितार्थ कर रहे हैं। इस दौरान गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, सांसद मदन राठौड़, देवनारायण बोर्ड चेयरमैन ओमप्रकाश भडाना, राजस्थान अनुसूचित जाति वित्त व विकास आयोग अध्यक्ष राजेंद्र नायक, विधायक हंसराज मीणा, उदयलाल भडाना, दर्शन सिंह गुर्जर, धर्मपाल गुर्जर, जयपुर नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, जाट महासभा के प्रदेशाध्यक्ष राजाराम मील, राजस्थान गुर्जर महासभा के प्रदेशाध्यक्ष कालूलाल गुर्जर सहित जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
4 फरवरी, 2025

## जिला कलक्टर ने किया कलक्ट्रेट के विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण, 5 कार्यालयाध्यक्षों को किए नोटिस जारी

**जयपुर टाइम्स**

अलवर(निस)। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मिनी सचिवालय स्थित कलक्ट्रेट के विभिन्न कार्यालयों व शाखाओं का औचक निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने रसद विभाग, अल्पसंख्यक विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, महिला अधिकारिता, कंट्रोल रूम, सामान्य शाखा, आवक-जावक शाखा सहित विभिन्न शाखाओं व विभागों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्मिकों के समय पर कार्यालय में उपस्थित नहीं मिलने पर 5 कार्यालयाध्यक्षों को अधिनस्थ कार्मिकों पर नियंत्रण रखने की लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि सभी कार्यालयों व शाखाओं में रिकॉर्ड का संधारण सुव्यवस्थित तरीके से किया जावे, कार्यालय व आसपास में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि समय-समय पर अपने अधीनस्थ विभागों का औचक निरीक्षण करें।



## रोटरी क्लब द्वारा पीआरओ ऑफिस में संचालित लाइब्रेरी हेतु चार बुक शेल्फ की भेंट

**जयपुर टाइम्स**

अलवर(निस)। रोटरी क्लब अलवर सरिस्का द्वारा नंगली सर्किल स्थित सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय में संचालित ई-लाइब्रेरी हेतु चार बुक शेल्फ भेंट की गई। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सहायक निदेशक मनोज कुमार ने ई-लाइब्रेरी हेतु बुक शेल्फ भेंट करने पर रोटरी




क्लब के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह शेल्फ यहां आने वाले विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगी। इस दौरान रोटरी क्लब के अध्यक्ष अभय मोदी, प्रेम कथूरिया, मोहन निहलानी, राजेन्द्र गोयल, नितेश खण्डेलवाल एवं सचिव रिकेंश जिन्दल मौजूद रहे।

## पीएनबी आरसेटी द्वारा निःशुल्क मोबाइल रिपेयरिंग कैंप का आयोजन

**जयपुर टाइम्स**

अलवर(निस)। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में चल रहे 30 दिवसीय मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत रविवार को कंपनी बाग शहीद मार्ग के पास पीएनबी आरसेटी द्वारा निन्शुल्क मोबाइल रिपेयरिंग कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे करीब 80-100 लोगो ने निन्शुल्क कैंप का फायदा लिया और उन्होंने संस्था को धन्यवाद दिया। आरसेटी निदेशक जगदीश प्रसाद मीणा के सानिध्य में इस कैंप का आयोजन किया गया जिसमे संकाय सदस्य जय प्रकाश सिंघल, प्रशिक्षक रामेश्वर जांगिड़ व राहुल अठवाल मौजूद रहे। कैंप प्रात ÷ 10 बजे से सायं 5 बजे तक रहा और निदेशक महोदय ने बताया कि समय - समय पर निशुल्क कैंप का आयोजन हम कराते रहेंगे ताकि आम जनता को इसका फायदा मिल सके।



## जूट प्रोडक्ट उद्यमी 13 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**जयपुर टाइम्स**

अलवर(निस)। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा बरखेडा, मालाखेडा में चल रहे जूट प्रोडक्ट उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रमेश मीणा सीनियर मैनेजर जिला अग्रणी कार्यालय और संस्था निदेशक जे पी मीणा रहे। संस्था निदेशक जे पी मीणा ने मुख्य अतिथि का राजस्थानी परिधान साफा पहनाकर स्वागत किया। प्रशिक्षण में स्वयं सहायता समूह से जुडी हुई 35 महिलाओ ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरसेटी निदेशक जे पी



मीणा ने की। मुख्य अतिथि रमेश मीणा ने ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने व रोजगार से जोड़ने के लिए विस्तारपूर्वक जानकारी दी एवं सभी महिलाओ को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। संकाय सदस्य जय प्रकाश सिंघल ने बताया कि अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए हमारी संस्था विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करती है। सभी प्रशिक्षुओ का मूल्यांकन नैसर की और से माधो राम और रीना शर्मा ने किया। समापन अवसर पर सभी महिलाओ को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर समस्त आरसेटी स्टाफ मौजूद रहा।

## संत रविदास जयंती समारोह पर निकलेगी शोभायात्रा 12 को

**जयपुर टाइम्स**

अलवर(निस)। जाटव समाज श्री गंगा मन्दिर सेवा समिति अलवर के तत्वावधान में संत शिरोमणी गुरु रविदास जयन्ती समारोह शहर अलवर में 12 फरवरी बुधवार से मनाया जाएगा। इस मौके पर शहर में संत रविदास जी की शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। जाटव समाज श्री गंगा मन्दिर सेवा समिति अध्यक्ष कैलाशचन्द सुलानिया ने बताया कि संत शिरोमणी गुरु रविदास जयन्ती समारोह शहर अलवर में 12 फरवरी को मनाया जाएगा। जहां संत की शहर में शोभायात्रा निकाली जाएगी।



### साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई आयोजित

# शिविरों में अधिक से अधिक किसानों को मिले योजना का लाभ- जिला कलक्टर

**जयपुर टाइम्स**

खैरथल-तिजारा(निस)। जिला कलक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत वर्तमान प्रगति की समीक्षा कर प्रगति को बढ़ाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन की पाइपलाइन डालने में क्षतिग्रस्त हुई सड़क कि गत बैठक के निर्देशानुसार इस सप्ताह 11 किलोमीटर मरम्मत की गई तथा शेष सड़क को भी रिपेयर करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना के तहत अधिक से अधिक लोगों को जागरुक कर रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने के निर्देश दिए तथा एग्रीटेक फार्मर्स रजिस्ट्री शिविरों में किसानों को भी पीएम सूर्य घर योजना के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने एग्रीटेक फार्मर्स रजिस्ट्री शिवरो के आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देकर इन शिवरों के माध्यम से दूसरे महत्वपूर्ण विभागों को जोड़कर किसानों को अन्य विभागों की योजनाओं के बारे में जानकारी देकर ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित करने हेतु निर्देशित किया।



जिला कलेक्टर ने बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों एवं ई-फाइल का समयबद्ध डिस्पोजल करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला स्तरीय जनसुनवाई के प्रकरणों का समयबद्धता से निस्तारण करने तथा पिछली जिला स्तरीय जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों का निस्तारण आगामी जनसुनवाई (गुरुवार) से पूर्व करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने राइजिंग राजस्थान में हुए एमओयू की एक-एक कर उनकी प्रगति पर चर्चा करते हुए धरातल पर लाने के निर्देश दिए। उन्होंने रोजगार मेले के संबंध में अधिकारियों को कार्य आवंटित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

जिला कलक्टर ने बिजली विभाग के लिए ट्रांसफार्मर की उपलब्धता, सड़क निर्माण कार्य, मौसमी बीमारी, संपर्क पोर्टल पर परिवादों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त को रैन बसेरे का निरीक्षण सहित डेयरी बूथों के आवंटन प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने शहर को स्वच्छ रखने हेतु खैरथल नगर पालिका क्षेत्र में भी सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों से प्रस्तावित जीएसएस की जानकारी लेकर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने किसानों से अपील की है कि वे एग्रीस्टैक योजना में फार्मर्स रजिस्ट्री प्रोजेक्ट में अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में भाग लें और फार्मर रजिस्ट्री आई.डी. बनवाकर इस योजना का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि 5 फरवरी से 7 फरवरी तक खैरथल कि ग्राम पंचायत पाटनमेवान, ईस्माईलपुर में शिवरो का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार किशनगढबास कि ग्राम पंचायत खानपुर मेंवान, बघेरी कलां, कोटकासिम कि ग्राम पंचायत भौंकर, खानपुर अहीर, हरसौली कि ग्राम पंचायत गिरवास, नांगल सालिया, तिजारा कि ग्राम पंचायत बिछाला, मुण्डाना, टपूकडा कि ग्राम पंचायत मायापुर, मसीत, मुण्डावर कि ग्राम पंचायत मातौर, जिन्दोली में 5 फरवरी से 7 फरवरी तक शिवरो का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिवरों का आयोजन 31 मार्च तक किया जाएगा।

बैठक के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीड़ा अतुल प्रकाश, कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, अधिशासी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी धर्मवीर यादव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अरविंद गेट, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, नगर परिषद कनिष्क अभियंता, कोऑपरेटिव, समाज कल्याण, बिजली, ट्रांसपोर्ट, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## ब्लॉक स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जयपुर टाइम्स**

राजगढ़(निस)। सोमवार को शिक्षा विभाग की ओर से कस्बे के माचाड़ी मार्ग स्थित प्यारेलाल गुप्ता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में अति. विकास अधिकारी हरफुल मीना, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमल कुमार मीना, यूसीईईओं सुभाष चन्द शर्मा, नरेंद्र कुमार शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने बताया कि राज्य सरकार के दिशा निर्देश अनुसार ब्लॉक के 218 राजकीय व 118 निजी विद्यालयों में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय स्तर पर किया गया। ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम प्रातः 9 बजे आयोजित हुआ। जिसमें योगा अभ्यास, सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम प्राणायाम करवाया गया। वहीं ब्लॉक के समीपवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अलेई, भजेड़ा, पुराना राजगढ़, श्रीचंदपुरा, ढ़िगावड़ा गांव के राजकीय विद्यालयों में बच्चों ने सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में बड़े उत्साह से भाग लिया





## अलवर में भी रहा चिकित्सकों का विरोध, रखा दो घंटे का पेन डाउन

**जयपुर टाइम्स**

अलवर(निस)। बाड़मेर की घटना पर प्रदेशभर में चिकित्सकों में रोष व्याप्त है, उसी के तहत सोमवार को अलवर में भी चिकित्सा अधिकारियों ने रोष व्याप्त किया। जहां अलवर जिले में भी 2 घंटे का पेन डाउन हड़ताल चिकित्सा अधिकारियों ने किया।इस मामले में अलवर के जिला अस्पताल के डिप्टी कंट्रोलर विजय चौधरी ने बताया जिस तरह एक एसडीएम ने बाडमेर में एक चिकित्सा अधिकारी के साथ अभद्रता से व्यवहार किया वह बहुत निंदनीय है। इस तरहा उन्हें अभद्रता नहीं करना चाहिए था। चौधरी ने बताया कि चिकित्सा अधिकारी रात दिन मेहनत करके मरीजों की सेवा करते हैं लेकिन एक प्रशासनिक अधिकारी द्वारा इस तरह से अभद्रता करे तो यह निन्दनीय है। इसको लेकर पूरे राजस्थान में रोष है। उसी के तहत अलवर जिले के सभी चिकित्सा अधिकारियों ने सोमवार को विरोध जताया। जिसके तहत 2 घंटे का पेन डाउन बहिष्कार किया है। जिले भर के सभी डॉक्टर इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

## रोटरी क्लब अलवर द्वारा स्कूल में किए निशुल्क शूज वितरण एवं एनीमिया जांच शिविर का किया आयोजन

**जयपुर टाइम्स**

अलवर(निस)। एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत दूसरा कैंप 3 फरवरी 2025 सोमवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ग्राम, अहीरवास भड़कोल तहसील मालाखेड़ा, अलवर में हीमोग्लोबिन जांच आयरन की दवाई वितरण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।रोटरी क्लब अलवर और आईडीबीआई बैंक के सहयोग से किया गया। रोटरी क्लब अलवर के अध्यक्ष दीपक कट्टा ने बताया की कार्यक्रम का शुभारंभ प्रिंसिपल मुकेश गर्ग एवं IPDG पवन खंडेलवाल द्वारा किया गया। स्कूल के शिक्षकों द्वारा रोटरी क्लब अलवर सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।



IPDG पवन खण्डेलवाल ने स्कूल को एवं स्कूल के बच्चों को बताया कि रोटरी क्लब एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है और सामाजिक सरोकार में कैसे काम करती है एवं एनीमिया के बारे में जानकारी दी और एनीमिया से बचने के उपायों के बारे में बताया।

कैम्प में लगभग 125 छात्र और छात्राओं की हीमोग्लोबिन की जांच की गई जिनका हीमोग्लोबिन कम पाया गया उन्हें दवा वितरित की गई। कैंप में स्कूल के प्रिंसिपल शिक्षक एवं शिक्षकों और क्लब के रोटश्न सचिव मुकुंद गुप्ता,रोटश्न कोषाध्यक्ष क्क ष्ठ अग्रवाल,रोटश्न अशोक कुमार का योगदान रहा।

स्कूल के बच्चों की हीमोग्लोबिन जांच एवं दवाई वितरण में होपवेल नर्सिंग एवं फार्मेसी कॉलेज के स्टाफ का सहयोग रहा।

एनीमिया मुक्त भारत अभियान शिविर के साथ-साथ स्कूल में 155 जोडी शूज का रोटरी क्लब अलवर द्वारा निशुल्क वितरण किया गया।

## आईएएस जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर को दी भावभिनी विदाई

### आईएएस यशार्थ शेखर ने किया उपखण्ड अधिकारी अलवर के पद पर कार्यग्रहण

**जयपुर टाइम्स**

अलवर(निस)। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर का भरतपुर विकास प्राधिकरण में स्थानान्तरण होने पर जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, यूआईटी सचिव धीगदे स्नेहल नाना, एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, एडीएम शहर बीना महावर सहित कलक्ट्रेट के अधिकारी एवं कार्मिकों ने गुलदस्ता भेंट कर भावभिनी विदाई दी। उल्लेखनीय है कि जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर अलवर में उपखण्ड अधिकारी के पद पर कार्यरत थे जिनको लैण्ड रिकॉर्ड अपडेशन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर गणतंत्रा दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2025 को जिला स्तर पर सम्मानित किया गया।




**यशार्थ शेखर ने किया उपखण्ड अधिकारी अलवर का पदभार ग्रहण**

भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी यशार्थ शेखर ने उपखण्ड अधिकारी अलवर के पद पर कार्यभार ग्रहण किया।

## राजस्थान विधानसभा में रामगढ़ विधायक ने खेल मैदान को लेकर उठाया मुद्दा

**जयपुर टाइम्स**

रामगढ़(निस)। अलवर राजस्थान विधानसभा में 16 वीं विधानसभा के तीसरे सत्र में सोमवार को विधानसभा में रामगढ़ विधान सभा में खेल मैदान को लेकर रामगढ़



विधायक सुखवंत सिंह ने खेल मैदान को लेकर खेल मंत्री से जानकारी मांगी। विधायक का सवाल था कि पिछले बजट में राजस्थान सरकार ने दस हजार से अधिक आबादी वाली ग्राम पंचायत में खेल मैदान बनाने का प्रस्ताव था किन्तु अब दस हजार से अधिक आबादी वाली ग्राम पंचायत को नगर पालिका बना दिया गया अब ऐसे में इन नियमों में शिथिलता मिल सकती है क्या जिससे ग्राम पंचायतों में खेल मैदान बन सके जिससे गांव के युवा वर्ग को खेल मैदान से अपनी प्रतिभाएं तरासने का मौका मिल सके। विधायक सुखवंत सिंह के सवाल के जवाब में विधान सभा में खेल मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने जानकारी दी। कि मेजर ध्यान चन्द योजना के अंतर्गत मैचिंग ग्रांट दी जा सकती हैं जिससे गांवों में भी खेल मैदान बन सकेंगे। रामगढ़ विधान सभा की ग्राम पंचायतों में खेल मैदान की आवाज विधान सभा में रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह ने पुरजोर तरीके से प्रश्न के माध्यम से उठाई है। आने वाले दिनों में इस विधान सभा में खेल मैदान बनने की उम्मीद जगी है। पूर्व में भी अलवर सांसद एवं केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने भी इस विधान सभा में ई लाइब्रेरी तथा खेल मैदान बनाने पर विशेष बल दिया है। विधान सभा में मुद्दे उठाने पर अब रामगढ़ विधान सभा में खेल मैदान अधिक संख्या में बन सकेंगे।

## राजस्थान टीम रानीखेत एक्सप्रेस से हल्द्वानी के लिये रवाना हुई, 38वें राष्ट्रीय खेलों में लेगी भाग

**जयपुर टाइम्स**

अलवर(निस)। 38वें राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाली राजस्थान टीम रानीखेत एक्सप्रेस से हल्द्वानी के लिये रवाना हुई, जहां 5 फरवरी से 8 फ़रवरी तक हल्द्वानी (उत्तराखंड) में होने वाले खेलों में भाग लेगी। राजस्थान ताईक्वांडो संघ के अध्यक्ष उत्तम सैनी ने बताया कि राजस्थान ताईक्वांडो टीम के प्रशिक्षक आकाश नरवाल के नेतृत्व में भाग ले रही राजस्थान टीम में पुरुष वर्ग मे जरनैल सिंह ऋतुराज यादव, करण मलिंदा मोनू मेघवंशी, सुरेश चौधरी, यश कुमार, मनीष प्रजापत, जय मलिंदा होंगे वहीं महिला वर्ग मे सोनिया शर्मा, हरशिद्धि जोशी, अरिशा सिंह, पायल कुमावत, पलक प्रजापत, पूजा भगरिया शामिल है। सैनी ने बताया कि सोमवार को अलवर रेलवे स्टेशन पर राजस्थान ताईक्वांडो एसोसिएशन की ओर से सभी



खिलाड़ियों को तिलक लगाकर माला पहनाकर एवं मुंह मीठा कराकर सभी खिलाड़ियों को जीत की अग्रिम शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। इस अवसर पर राजस्थान ताईक्वांडो संघ के अध्यक्ष उत्तम सैनी उपाध्यक्ष लोकेश यादव सचिव लक्ष्मण सिंह हाड़ा संयुक्त सचिव रजनीश जैमन मोहित सिंह राहुल जोशी विपिन कुमार मनोज कीर स्वाति गोयल संजय कुमार भूपेंद्र कुमावत मनोज यादव , अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अभिजीत बालियान मंजीत सिंह रीता सिंह अंकित सिंह संजना सिंह मांशी सैनी, धरम सिंह मीणा सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद थे।

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार

4 फरवरी, 2025

# जयपुर जिले के पंच गौरव के संवर्धन के लिए प्रभावी कार्ययोजना बने : जिला कलक्टर जितेन्द्र सोनी

जयपुर टाइम्स

जयपुर। जयपुर जिले में चिन्हित पंच गौरव– रत्नाभूषण, लिसोड़ा, आमेर दुर्ग, कबड्डी और आंवला के विकास एवं संवर्धन के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने हेतु सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को इन क्षेत्रों के संवर्धन के लिए ठोस योजना बनाने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) श्रीमती विनीता सिंह ने बताया कि जयपुर विश्व की प्रसिद्ध रत्न राजधानी है। कुंदन-मीना और थेवा आभूषणों की विरासत को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण, सेमिनार और वेबिनार आयोजित किए जाएंगे। इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्य कर रही एजेंसियों से भी समन्वय किया जाएगा।वनस्पति प्रजाति लिसोड़ा के संरक्षण के लिए इसे जिला स्तर की नर्सरियों में उगाने और किसानों को वितरित करने की योजना बनाई जाएगी। महिलाओं को लिसोड़ा अचार बनाने का प्रशिक्षण देकर उनके आजीविका संवर्धन में मदद की जाएगी।



पर्यटन स्थल आमेर दुर्ग को अधिक प्रसिद्ध बनाने के लिए होटलों, गाइड्स और ट्रैवल एजेंसियों के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। सोशल मीडिया और पर्यटन वेबसाइट्स पर आमेर दुर्ग से जुड़े वीडियो और फोटोज अपलोड किए जाएंगे।

जयपुर की औषधीय उपज आंवला के प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन) बनाए जाएंगे।

आंवला से जुड़ी औषधियों, कॉस्मेटिक्स और खाद्य उत्पादों के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

पारंपरिक खेल कबड्डी को प्रमोट करने के लिए जयपुर कबड्डी प्रीमियर लीग आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया। विद्यालयों में इस खेल को प्रोत्साहित करने के लिए शारीरिक शिक्षकों की बैठक होगी और महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत कबड्डी मैदानों का निर्माण किया जाएगा।

इस बैठक में जिला परिषद सीईओ श्रीमती प्रतिभा वर्मा सहित पर्यटन, खेल, कृषि, उद्योग, उद्यानिकी और वन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।



## 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' अभियान की शुरुआत

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' अभियान की शुरुआत शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल ने सोमवार को पंत कृषि भवन से की। इस अभियान के तहत किसानों को उनकी बीमा पॉलिसी की हार्ड कॉपी समय पर उपलब्ध कराने के लिए 15 मार्च तक ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर शिविर लगाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि एग्रोस्टेक योजना के कैंपों में भी 5 फरवरी से कृषि पर्यवेक्षकों द्वारा पॉलिसी वितरण किया जाएगा। जो किसान शिविरों में पॉलिसी प्राप्त नहीं कर पाते, वे संबंधित कृषि पर्यवेक्षक से संपर्क कर सकते हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना ओलावृष्टि, चक्रवात व अन्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। केंद्र और राज्य सरकार के प्रयासों से किसानों को समय पर बीमा क्लेम मिलने से यह योजना लोकप्रिय हो रही है। बीमा कंपनियों द्वारा राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित कर 1.53 करोड़ पॉलिसियों का वितरण किया जाएगा। योजना के तहत खरीफ फसल के लिए 2%, रबी के लिए 1.5% और बागवानी फसलों के लिए 5% प्रीमियम निर्धारित है। योजना से बाहर होने के लिए ऋणी किसानों को अंतिम तिथि से 7 दिन पहले आवेदन देना अनिवार्य होगा।

## नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देश पर सतर्कता शाखा की कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में सोमवार



को नगर निगम ग्रेटर की सतर्कता शाखा द्वारा अस्थायी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई जेकेलोन अस्पताल, 22 गोदाम, नारायण सिंह सर्किल, लालकोठी सब्जी मंडी एवं शिप्रा पथ मानसरोवर क्षेत्रों में की गई, जहां अस्थायी अतिक्रमण हटाकर 07 केन्टर सामान जब्त किया गया और 5,500 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूला गया।

उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा ने बताया कि कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण करने वालों को मौखिक रूप से पाबंद किया गया और भविष्य में अतिक्रमण न करने की हिदायत दी गई। साथ ही, चेतावनी दी गई कि यदि आगे भी अवैध अतिक्रमण किया गया तो भारी चालान एवं सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ग्रेटर द्वारा इस अभियान को शहर में सुचारू यातायात और स्वच्छता बनाए रखने के लिए निरंतर जारी रखा जाएगा।

## राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड : 7 फरवरी तक ऑफलाइन आपत्तियां दर्ज कराएं

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने अनुदेशक और कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षाओं के मास्टर प्रश्न पत्र व प्रारंभिक उत्तर कुंजी जारी कर दी है। जिन अभ्यर्थियों ने ऑफलाइन आवेदन किया था और परीक्षा में शामिल हुए थे, वे 5 फरवरी से 7 फरवरी 2025 तक सायं 6 बजे तक ऑफलाइन आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

बोर्ड सचिव डॉ. बी.सी. बधाल ने बताया कि आपत्तियां बोर्ड कार्यालय के स्वागत कक्ष में निर्धारित प्रपत्र में जमा करानी होंगी। प्रत्येक आपत्ति के लिए 100 रुपये का पोस्टल ऑर्डर शुल्क देना अनिवार्य है। बिना शुल्क या निर्धारित तिथि के बाद भेजी गई आपत्तियां स्वीकार नहीं की जाएंगी।

अभ्यर्थियों को अपने प्रश्न पत्रों की संख्या और उत्तर क्रम के अनुसार ही आपत्तियां दर्ज करनी होंगी। प्रमाण के रूप में मानक पुस्तकों के संदर्भ संलग्न करना आवश्यक है। किसी भी प्रकार की कूटरचना पर कानूनी कार्रवाई होगी। शुल्क की अधिक राशि वापस नहीं की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाइट www.rssb.rajasthan.gov.in पर विजिट करें।

# मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष ने किया 'नेवा सेवा केंद्र' का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को राजस्थान विधानसभा में नेवा सेवा केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ और विधायकगण उपस्थित रहे। देवनानी ने बताया कि यह केंद्र नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन के अंतर्गत कार्य करेगा, जिससे विधानसभा को पेपरलेस बनाने के लिए विधायकों को प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता मिलेगी। यह ई-लर्निंग व ई-फैसिलेशन सेंटर के रूप में विधायकों, अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए उपयोगी होगा।



उन्होंने कहा कि वन नेशन-वन एप्लिकेशन के तहत राजस्थान विधानसभा अब लोकसभा और अन्य विधानसभाओं की तर्ज पर डिजिटल हो गई है। इस एप्लिकेशन से विधायकों, अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों और आम नागरिकों को विधानसभा से संबंधित विधेयक, रिपोर्ट, प्रश्न, बुलेटिन और कार्यवाही की जानकारी डिजिटल रूप से उपलब्ध होगी।

विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि यह परियोजना केंद्र व राज्य सरकार की 60-40 की वित्तीय साझेदारी से पूरी हुई है। इसके तहत प्रत्येक विधायक की सीट पर आईपैड लगाया गया है और उन्हें लैपटॉप व प्रिंटर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अवसर पर विधानसभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा, नोडल अधिकारी नरेश जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## नगरपालिका अध्यक्षा सावित्री देवी स्वामी ने सादगी से मनाया जन्मदिन

जयपुर टाइम्स

नरैना (निसं)। कस्बे की नगरपालिका की अध्यक्षा सावित्री देवी स्वामी ने अपना 76 वां जन्मदिन सादगी के साथ मनाया। इस दौरान पूर्व उपसरपंच रामनारायण मालू, पवन लुहाड़िया, भाजपा नेता हृदय सुमन पारीक, बस स्टैंड व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल सोगानी, पत्रकार राजेश मंत्री, पार्षद विजय मालीवाल, रामप्रसाद शर्मा, नरैना विकास मंडल के सत्यनारायण शर्मा, दैनिक रेलयात्री संघ के राजेश मोदानी, पवन सोनी, नवीन लाटा, जावेद भाटी, मोईनुद्दीन, राजकुमार चौधरी सहित अनेक लोगों ने नपा अध्यक्षा सावित्री देवी स्वामी के स्वस्थ्य व दीर्घायु जीवन की कामना के साथ बधाईयां दी।



वहीं बस स्टैंड व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल सोगानी ने व्यापारियों के साथ सावित्री देवी के घर जाकर पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया। अभिनंदन व बधाईयों से गदगद नजर आई सावित्री देवी स्वामी ने कहा कि वह अपने कार्यकाल के दौरान कस्बे के समुचित विकास के लिए किसी तरह की कसर बाकी नहीं छोड़ेगी।

## 5 फरवरी को कानोडिया पी.जी. महिला महाविद्यालय में रोजगार सहायता शिविर

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय जयपुर एवं कानोडिया पी.जी. महिला महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 5 फरवरी को एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर जेएलएन मार्ग स्थित गांधी सर्किल परिसर में प्रातः 10 बजे से शुरू होगा। कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग की उप निदेशक नवरेखा ने बताया कि इस शिविर में निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित संस्थान भाग लेंगे और इच्छुक अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन करेंगे। इसके अलावा, प्रतिभागियों को स्वरोजगार, प्रशिक्षण और करियर मार्गदर्शन की जानकारी भी दी जाएगी। रोजगार सहायता शिविर में बड़ी संख्या में बेरोजगार अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। चयनित अभ्यर्थियों को मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किया जाएगा। यह शिविर युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## विधानसभा अध्यक्ष का आग्रहः पेपरलैस प्रणाली में सहयोग करें विधायकगण

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सदन में पेपरलैस प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विधायकों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि नेवा परियोजना के तहत सदन में आईपैड उपलब्ध कराए गए हैं, जिनका सही उपयोग सुनिश्चित किया जाए। देवनानी ने निर्देश दिया कि विधायक आईपैड में अपनी फेस आईडी या एपल आईडी दर्ज न करें, जिससे विधानसभा सचिवालय को उपकरणों के रखरखाव में कोई परेशानी न हो।

# नगरीय विकास कर एवं विज्ञापन शुल्क की शत-प्रतिशत वसूली हेतु आयोजित किये गये वार्डवार शिविर

## कैम्प के पहले दिन में 41 लाख 11 हजार से अधिक का राजस्व किया प्राप्त

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। नगरीय विकास कर एवं विज्ञापन शुल्क की शत-प्रतिशत वसूली के लिये फरवरी एवं मार्च माह में जोनवार वार्डवाईज कैम्प आयोजित किये जाएंगे जिसकी शुरूआत सोमवार से हुई है। इसके तहत सोमवार को वार्डवार शिविर से 41 लाख 11 हजार से अधिक का राजस्व वसूल किया गया।उपायुक्त राजस्व प्रथम अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन एक या दो वार्डो के संयुक्त कैम्प रखे जा रहे है। कैम्प का समय प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक अथवा कार्य समाप्ति तक रहेगा। कैम्प स्थल पर सम्पूर्ण राजस्व टीम व स्पैरो टीम की उपस्थित रहेगे। सोमवार को जगतपुरा जोन के वार्ड नं. 104 जमुना गार्डन टोंक रोड़ से 4 लाख 59 हजार 751 रूपये का राजस्व प्राप्त किया, झोटवाड़ा जोन



के वार्ड नं. 43, 44 गोविन्दम टॉवर वार्ड नं. 44 कालवाड़ रोड़ में 5 लाख 39 हजार 159 रूपये का राजस्व प्राप्त किया। मालवीय नगर जोन के वार्ड नं. 128, 133 में 08 मुक्तानंद नगर गोपालपुरा बाईपास से 14 लाख 57 हजार 955 रूपये का राजस्व प्राप्त किया, मानसरोवर जोन के वार्ड नं. 80 पार्षद कार्यालय वार्ड नं. 80 हाजरीगाह के पास त्रिवेणी पुलिया से 3 लाख 26 हजार 567 रूपये का राजस्व प्राप्त किया। मुरलीपुरा जोन के वार्ड नं. 11 जोन कार्यालय सामुदायिक केन्द्र मुरलीपुरा में 3 लाख 67 हजार 8 रूपये का राजस्व प्राप्त किया। सांगानेर जोन के वार्ड नं. 89 नगर निगम के पीछे सामुदायिक केन्द्र सांगानेर में 6 लाख 56 हजार 266 रूपये का राजस्व प्राप्त किया एवं विद्याधर नगर जोन के वार्ड नं. 21, 22 टाइम स्कवायर मॉल सेन्ट्रल स्पाइन विद्याधर नगर से 3 लाख 4 हजार 714 रूपये का राजस्व प्राप्त किया। गौरतलब है कि 05 फरवरी 2025 को जगतपुरा जोन वार्ड नं. 105 वार्ड नं. 105 पार्षद कार्यालय के पास, झोटवाड़ा जोन के वार्ड नं. 46, 47 मार्बल मंडी चौराहा गोकुलपुरा, मालवीय नगर जोन के वार्ड नं. 125,129 एस 05 आदिनाथ नगर गेट नं. 2 जेडीए पार्क, मानसरोवर जोन के वार्ड नं. 55, 66 तेजाजी का चौक भांकरोटा, मुरलीपुरा जोन के वार्ड नं. 15, 16 जोन कार्यालय सामुदायिक केन्द्र मुरलीपुरा, सांगानेर जोन के वार्ड नं. 90 घनश्याम बगरेट स्टेडियम सांगानेर एवं विद्याधर नगर जोन के वार्ड नं. 21, 22 टाइम स्कवायर मॉल विद्याधर नगर में कैम्प आयोजित किये जायेगे।

# एग्रीस्टैक योजना से खुशहाल होंगे किसान, कृषि में होगी डिजिटल क्रांति की शुरूआत, जिला कलक्टर ने की शिविरों के आयोजन तैयारियों की समीक्षा

## 5 फरवरी से जिले में आयोजित होगा फार्मर रजिस्ट्री अभियान

जयपुर टाइम्स

सवाई माधोपुर(कास)। माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के किसानों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए फार्मर रजिस्ट्री (एग्रीस्टैक) अभियान 5 फरवरी से शुरू कर रही है। 5 फरवरी से आयोजित होने वाले फार्मर रजिस्ट्री (एग्रीस्टैक) शिविरों की तैयारियों की समीक्षा बैठक वीसी के माध्यम से सोमवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में कलक्टर कक्ष में आयोजित हुई। इस दौरान उन्होंने सभी उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी और किसान रजिस्ट्री शिविरों से संबंधित विभागों के ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को शिविरों के सफल आयोजन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी शिविर प्रभारी कृषक मित्रों, पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी व कृषि पर्यवेक्षकों के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री (एग्रीस्टैक) शिविरों का प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक किसानों पर पहुंचकर शत-प्रतिशत फार्मर आईडी बनाना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने उपखण्ड स्तरीय नोडल अधिकारियों को शिविरों की सघन मॉनिटरिंग करने एवं प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट कलेक्ट्रेट कार्यालय भिजवाने के निर्देश प्रदान किए है।



जिला कलक्टर ने कहा कि एग्रीस्टैक योजना किसानों को डिजिटल पहचान देने और सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में कारगार साबित होगी। उन्होंने बताया कि एग्रीस्टैक योजना का उद्देश्य किसानों के लिए सस्ता ऋण, उच्च गुणवत्ता वाले कृषि इनपुट, स्थानीयकृत और विशिष्ट सलाह और बाजारों तक अधिक सुविधाजनक पहुंच आसान बनाना है। एग्रीस्टैक योजना के तहत सरकारों के लिए विभिन्न किसान और कृषि-केंद्रित योजना बनाना और उन्हें लागू करना आसान होगा। उन्होंने कहा कि एग्रीस्टैक योजनांतर्गत जिला में फार्मर रजिस्ट्री अभियान का आयोजन ग्राम स्तर पर 5 फरवरी से किया जायेगा। इसके तहत ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों में किसानों की विशिष्ट फार्मर आईडी बनाई जायेगी। भविष्य में किसानों को सरकारी योजनाओं व सेवाओं तक आसान पहुंच करने, पीएम किसान/सीएम किसान सम्मान निधि योजना, कृषि विभाग की अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से प्राप्त आईडी आवश्यक होगी। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक किसान को विशिष्ट फार्मर आईडी 11 अंकों की प्रदान की जायेगी। किसानों द्वारा आईडी बनवाने के लिये आधार कार्ड, जमाबंदी, मोबाईल नम्बर की जरूरत होगी। उल्लेखनीय है कि एग्रीस्टैक कृषि से संबंधित डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचा उपलब्ध कराने की केन्द्र सरकार की परियोजना है। इसके अंतर्गत डिजिटल रूप में क्रॉप सर्वे, फार्मर रजिस्ट्री एवं भू-संदर्भित नक्शे का डेटाबेस निर्माण कर प्रत्येक किसान को विशिष्ट आईडी प्रदान की जाएगी। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर डेटा तैयार करने से लेकर पीएम किसान सम्मान निधि में ऑटोमेशन, किसान क्रेडिट कार्ड योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं तक किसानों की पहुंच आसान हो सकेगी।

**किसानों को यह मिलेगा फायदाः**

एग्रीस्टैक योजना के अंतर्गत किसान का नाम, पिता का नाम, उसके स्वामित्व वाले खेत का खसरा नम्बर, उसके हिस्से वाले खेत का खसरा नम्बर, मोबाइल नम्बर और आधार नम्बर को एकत्र कर एक कम्पलीट डाटाबेस तैयार किया जाएगा। किसानों को डाटाबेस तैयार होने के बाद पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त आसानी से मिलना, फसल बीमा का लाभ, खराबे की स्थिति में किसानों का चिन्हीकरण, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए किसानों का स्वतः रजिस्ट्रेशन हो जाएगा।

## पीपल्दा में फसल खराबे से प्रभावित किसानों को शीघ्र मिलेगा मुआवजा : पंचायतीराज मंत्री

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। पंचायतीराज राज्य मंत्री श्री ओटाराम देवासी ने विधानसभा में बताया कि विधानसभा क्षेत्र पीपल्दा में 2024 की बाढ़ से 33% या अधिक फसल खराबे से प्रभावित काश्तकारों को शीघ्र ही एसडीआरएफ मानदंडों के अनुसार आदान अनुदान का भुगतान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर के माध्यम से प्रभावित किसानों का डाटा डीएमआईएस पोर्टल पर अपलोड कर भुगतान प्रक्रिया जारी है। मंत्री ने बताया कि 27 जनवरी 2025 को आदान अनुदान भुगतान के दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। प्रश्नकाल में पूरक प्रश्नों के जवाब में उन्होंने आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन से प्रस्ताव मिलने पर बाढ़ से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए भी मुआवजा दिया जाएगा। इससे पहले विधायक चेतन पटेल को लाना के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में मंत्री ने बताया कि जिला कलक्टर कार्यालय कोटा की 7डी रिपोर्ट के अनुसार पीपल्दा में 25,458 हेक्टेयर फसल बर्बाद हुई है और 24,801 प्रभावित काश्तकारों के लिए प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। सरकार द्वारा राहत राशि जल्द जारी करने की प्रक्रिया जारी है, जिससे किसानों को राहत मिल सकेगी।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की देवनारायण जयंती पर शुभकामनाएं

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने देवनारायण जयंती (4 फरवरी) के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। शर्मा ने कहा कि भगवान देवनारायण ने बेसहारा, दीन-दुखियों की मदद तथा गौ रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया और समाज में प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया।

## संपादकीय .....

# सत्ता की लोलुपता ने कांग्रेस को बनाया कमजोर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा में विधानसभा चुनाव के दौरान गोहाना में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि अगर कांग्रेस गलती से भी हरियाणा में सत्ता में आ गई तो उसकी अंदरूनी कलह के कारण स्थिरता और विकास दांव पर लग जाएगा और यह राज्य को बर्बाद कर देगा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकारें %अस्थिरता% के लिए जानी जाती हैं। मोदी ने कांग्रेस शासित कर्नाटक का उदाहरण देते हुए कहा कि पिछले कुछ सालों में जहां-जहां कांग्रेस की सरकारें बनीं, मुख्यमंत्री और मंत्री अंदरूनी कलह में शामिल रहे। मोदी ने राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के सत्ता में रहने के दौरान उसकी अंदरूनी कलह का भी जिक्र किया था। प्रधानमंत्री मोदी का यह आरोप सही साबित हो रहा है। कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद को लेकर कलह शीर्ष पर है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरामय्या और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार सत्ता के लिए आपस में लड़ रहे हैं। एक ओर जहां भ्रष्टाचार को लेकर सीएम सिद्धारमैया घिरे हुए हैं और विपक्ष उनसे इस्तीफे की मांग कर रहा है तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के कई नेता खुले तौर पर राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनने की इच्छा जता रहे हैं। राज्य के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया के बीच सीएम की कुर्सी को लेकर हुई खींचतान किसी से छिपी नहीं है।

अब इस लिस्ट में कई नेताओं का नाम सामने आ रहा है। मंत्री शरणप्पा दर्शनपुर ने जताई इच्छा कर्नाटक के मंत्री शरणप्पा दर्शनपुर ने कहा कि अगर हाईकमान चाहेगा तो मैं सीएम बनूंगा। राज्य सरकार में लघु उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्री दर्शनपुर ने कहा कि पार्टी में 136 विधायक हैं और सभी मंत्री बनने के योग्य हैं। लेकिन जनादेश केवल 33 सदस्यों को मंत्री बनाने का है। इसका मतलब यह नहीं है कि अन्य पात्र नहीं हैं। एक व्यक्ति को सीएम बनना है। अगर पद खाली होगा और और हाईकमान मुझे सीएम बनने के लिए कहेगा तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है स्थिति, मैं तैयार हूं। गौरतलब है कि शरणप्पा अकेले ऐसे कांग्रेसी नेता नहीं है जिन्होंने सीएम बनने की इच्छा जताई हो। उनसे पहले भी कई नेताओं ने इसको लेकर बयान दिए हैं। कुछ नेताओं को लेकर तो सोशल मीडिया पर अभियान भी चला रहे हैं।

कांग्रेसी नेता सतीश जारकीहोली के समर्थक उन्हें राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनाने का अभियान चला रहे हैं। बेलागावी में सतीश के समर्थन में सोशल मीडिया से लेकर अखबारों के इश्तहारों तक प्रचार किया जा रहा है। बेलागावी में सतीश जारकीहोली के समर्थकों ने पद खाली होने पर उन्हें कर्नाटक का अगला मुख्यमंत्री बनाने की वकालत करते हुए एक अभियान शुरू किया है। यह अभियान सोशल मीडिया तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रमुख अखबारों में विज्ञापन देकर उनके पक्ष में समर्थक एक कदम आगे बढ़ गए हैं। सतीश के समर्थक भी इस अभियान में बड़े पैमाने पर जुटे हैं। कर्नाटक के मंत्री एमबी पाटिल भी इस रेस में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी फैसला करती है तो सीनियर या जूनियर का सवाल ही नहीं उठता।

# क्या डॉलर के दम पर चीन जैसे भस्मासुर से निबटेगा अमेरिका?

चीन दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बनना चाहता है और ऐसा वह उस अमेरिका की कीमत पर करना चाहता है जिसने उसके नवनिर्माण और समुत्थान में महती भूमिका निभाई है। हालांकि अमेरिका भी इसे भलीभांति समझ चुका है और समुपस्थित विभिन्न परिस्थितियों से निपटने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रूबियो के डॉलर की चिंता और उसके लिए जिम्मेदार चीन सम्बन्धी हालिया बयानों पर जब आप गौर करेंगे तो यह समझ जाएंगे कि अमेरिका की चिंता सिर्फ डॉलर की गिरती साख को ही बचाने की नहीं है बल्कि वह सोवियत संघ की भांति ही अब चीन को भी निबटाने की रणनीति पर फोकस कर चुका है।

ऐसे में सुलगता सवाल यह है कि क्या अमेरिका सिर्फ डॉलर के दम पर चीन जैसे भस्मासुर से निबटेगा या फिर कुछ अन्य मौजूं उपाय भी करेगा! उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में अमेरिकी डॉलर की जगह किसी और मुद्रा के इस्तेमाल की कवायद जिस तरह से चीन कर-करवा रहा है और इस नजरिए से ब्रिक्स देशों यानी रूस-ब्राजील आदि को ढाल बनाए हुए है, उससे अमेरिका भड़क चुका है और सम्बन्धित देशों को खुलेआम धमकियां देनी भी शुरू कर दी है। चीन के खिलाफ ताइवान का हथकंडा और दक्षिण चीन सागर विवाद को शह देने और रूस के खिलाफ यूक्रेन को भड़काते रहने और नाटो देशों से सहयोग दिलवाने के पीछे की व्यापक रणनीति भी तो इसी बात की चुगली करती है।

वहीं, ब्रिक्स देशों की सम्भावित वैकल्पिक मुद्रा से डॉलर के समक्ष उतपन्न होने वालों खतरों के सम्भावित दुष्परिणामों के बारे में अमेरिका ने जिस तरह से आगाह करना शुरू कर दिया है, उससे भारत समेत कतिपय ब्रिक्स देश भी सकते में हैं, आशंकित हैं और अपने बचाव में तर्क भी दे चुके हैं। गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षों में जब ब्रिक्स के कुछ सदस्य देश विशेष रूप से चीन-रूस अमेरिकी डॉलर का विकल्प या ब्रिक्स मुद्रा की मांग कर रहे हैं, तब भारत %डी-डॉलराइजेशन% यानी %विश्व व्यापार और वित्तीय लेनदेन में डॉलर के उपयोग में कमी% के खिलाफ है। दिसम्बर 2024 में ही भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि भारत कभी भी %डी-डॉलराइजेशन% के पक्ष में नहीं रहा है व ब्रिक्स मुद्रा बनाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।



बता दें कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ने चेतावनी दी है कि अगर ब्रिक्स देश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में अमेरिकी डॉलर की जगह किसी और मुद्रा के इस्तेमाल का प्रयास करेंगे तो वह उन पर 100 प्रतिशत शुल्क लगा देंगे। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि ब्रिक्स देश डॉलर से दूर जाने की कोशिश करें और हम खड़े होकर बस देखते रहें, इस तरह के विचारों के दिन लद चुके हैं। लिहाजा, वह ब्रिक्स देशों से यह प्रतिबद्धता चाहते हैं कि वे न तो नई मुद्रा बनाएंगे और न ही किसी अन्य मुद्रा का समर्थन करेंगे।

वहीं, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने भी कहा है कि इस मसले पर चीन से हमें निबटना होगा। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया है कि हम इस मुद्दे पर युद्ध नहीं चाहते हैं, लेकिन हम इस पर गौर करने जा रहे हैं। क्योंकि चीन दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बनना चाहता है और वे ऐसा हमारी कीमत पर करना चाहते हैं। इससे निपटना होगा। बता दें कि चीन की वैश्विक रणनीति को लेकर अमेरिका अब सजग हो चुका है और आर्कटिक व दक्षिण अमेरिका में चीनी गतिविधियों से उतपन्न खतरे को निर्मूल करने के लिए ही ग्रीनलैंड पर कब्जा करने, पनामा नहर पर पुनः नियंत्रण पाने और कनाडा को अमेरिका में मिलाने जैसी दूरदर्शिता भरी रणनीति का आगाज समय रहते ही कर चुका है, भले ही वह पहले जितना आसान नहीं हो।

जानकार बताते हैं कि रूस-चीन-ब्राजील जैसे ब्रिक्स देश अमेरिकी डॉलर और यूरो पर अपनी निर्भरता कम करना चाहते हैं। इसी नजरिए से साल 2022 में 14वें ब्रिक्स समिट के दौरान रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि सदस्य देश नई रिजर्व करेंसी शुरू करने की योजना बना रहे हैं। इसके अलावा, ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने भी डॉलर के दबदबे को कम करने के लिए ब्रिक्स करेंसी बनाने का सुझाव दिया था। क्योंकि आंकड़े बताते हैं कि वैश्विक मुद्रा भंडार के रूप में डॉलर का हिस्सा 59 प्रतिशत है, जबकि दुनिया के कुल कर्ज में 64 प्रतिशत का लेनदेन डॉलर में होता है। वहीं, अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन में भी डॉलर की 58 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

खास बात यह है कि यूरोपीय संघ बनने और उसकी मुद्रा यूरो के अस्तित्व में आने के बाद से डॉलर के दबदबे में कमी आई है, लेकिन अभी भी यह सबसे अधिक चलन वाली मुद्रा बनी हुई है। ऐसे में यदि ब्रिक्स देश भी कोई नई मुद्रा ले आते हैं तो इससे डॉलर का मूल्य घटेगा। शायद इसलिए अमेरिका अब चौकन्ना हो चुका है और इस नए सम्भावित संकट से निबटने के लिए साम-दाम-दंड-भेद की नीति अख्तियार कर लिया है। उसकी ताजा धमकियां इसी बात की चुगली कर रही हैं। ब्रिक्स देशों के बीच भारत के परिवर्तित स्टैंड से भी उसे राहत मिली है।

उल्लेखनीय है कि ब्रिक्स देश दुनिया के उन दस महत्वपूर्ण देशों का संगठन है, जो पश्चिमी देशों के जी-7 और नाटो जैसे दबंग देशों से समान प्रतिस्पर्धा करने के लिए खुद को एकजुट किये हुए हैं। वर्ष 2009 में स्थापित ब्रिक्स समूह में भारत, ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिश्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) नामक देश शामिल हैं। चूंकि यह एक ऐसा अंतरराष्ट्रीय समूह है, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका यानी यूएसए को शामिल नहीं किया गया है। इसी वजह से वह इस पर बिफरा रहता है।

बता दें कि ब्रिक्स के सदस्य देशों की अर्थव्यवस्था 25.5 ट्रिलियन से अधिक है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था का 28 प्रतिशत है। विश्व बैंक के 2023 के आंकड़ों के मुताबिक, ब्रिक्स देशों की जीडीपी, ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर में इस प्रकार है- चीन- 17.79, भारत- 3.55, ब्राजील- 2.17, रूस- 2.02, यूएई- 0.5, मिश्र- 0.4, ईरान- 0.4, दक्षिण अफ्रीका- 0.37 और इथियोपिया- 0.16. वहीं, यूएन ट्रेड डाटाबेस के 2023 के आंकड़ों से पता चलता है कि ब्रिक्स देशों के साथ अमेरिका का व्यापार अरब यूएस डॉलर में इस प्रकार है- भारत से निर्यात- 40.1, आयात- 87.3, चीन से निर्यात- 147.8, आयात- 448, ब्राजील से निर्यात-44.8, आयात- 41, यूएई से निर्यात- 24, आयात- 00, इंडोनेशिया से निर्यात- 00, आयात- 28.1, सऊदी अरब से निर्यात- 13.9 और आयात- 16.5, अन्य सदस्य देश से निर्यात- 23.5 और आयात- 29. इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि जहां जीडीपी के मामले में ब्रिक्स देशों में भारत का चीन के बाद दूसरा स्थान है, वहीं अमेरिका से होने वाले कारोबार में भी उसकी एक महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है। इसलिए न तो ब्रिक्स देश भारत की अवहेलना करने की सोच पाएंगे और न ही अमेरिका उसकी उपेक्षा कर पाएगा। वही, यह भी स्वाभाविक है कि इतने बड़े कारोबारी फायदे को अमेरिका गंवाना नहीं चाहेगा। क्योंकि इसे गंवाने का सीधा असर उसकी वैश्विक थानेदारी पर पड़ेगा। यही वजह है कि समय रहते ही अमेरिका ने ब्रिक्स देशों की मुखालफत शुरू कर दी है, जिससे ब्रिक्स देशों की परेशानी निकट भविष्य में बढ़ सकती है। बता दें कि यह वही अमेरिका है जिसने चीन के नवनिर्माण में अग्रणी भूमिका निभाई है। उसे तकनीकी रूप से अपग्रेड होने में स्वार्थपरक मदद दी है। समझा जाता है कि शीत युद्ध के दौरान सोवियत संघ (रूस व उसके पड़ोसी देशों का समूह) और भारत की युगलबंदी को मात देने के लिए ही अमेरिका रणनीतिक रूप से चीन-पाकिस्तान-अफगानिस्तान के अलावा अरब देशों की रणनीतिक मदद करता था और अपने वैश्विक हित साधता था।

**– कमलेश पाण्डेय**

-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं

## समसामयिक

# वित्तीय वर्ष 2025-26 का अग्रणी, पथप्रदर्शक एवं अतुलनीय बजट

दिनांक 1 फरवरी 2025 को केंद्र सरकार की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए लोकसभा में बजट पेश किया। सीतारमन ने एक महिला वित्तमंत्री के रूप में लगातार 8वां बजट लोकसभा में पेश कर एक रिकार्ड बनाया है। वित्तमंत्री द्वारा लोक सभा में पेश किया गया बजट अपने आप में पथप्रदर्शक, अग्रणी एवं अतुलनीय बजट कहा जा रहा है क्योंकि इस बजट के माध्यम से किसानों, युवाओं, महिलाओं, गरीब वर्ग एवं मध्यम वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है। पिछले कुछ समय से देश की अर्थव्यवस्था में विकास की गति कुछ धीमी पड़ती हुई दिखाई दे रही थी अतः विशेष रूप से मध्यम वर्ग एवं गरीब वर्ग के हाथों में अधिक धनराशि शेष बच सके ताकि वे विभिन्न उत्पादों को खरीदकर अर्थव्यवस्था में इनकी मांग बढ़ा सकें, ऐसा प्रयास इस बजट के माध्यम से किया गया है। साथ ही, भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से रोजगार उन्मुख क्षेत्रों यथा कृषि क्षेत्र, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग, निवेश, निर्यात एवं समावेशी विकास जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि इन्हें विकास के इंजिन के रूप में विकसित किया जा सके।

भारत में मध्यमवर्गीय परिवार देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता आया हैं। हाल ही के समय में प्रत्यक्ष कर संग्रहण में व्यक्तिगत आयकर की भागीदारी कारपोरेट क्षेत्र से आयकर की भागीदारी से भी अधिक हो गई है। अतः मोदी सरकार से अब यह अपेक्षा की जा रही थी कि मध्यमवर्गीय परिवारों को बजट के माध्यम से कुछ राहत दी जाय। और फिर, मुद्रा स्फीति की सबसे अधिक मार भी गरीब वर्ग के परिवारों एवं मध्यमवर्गीय परिवारों पर ही पड़ती दिखाई देती है। केंद्रीय वित्तमंत्री ने मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से आयकर की वर्तमान सीमा को 7 लाख रुपए से बढ़ाकर 12 लाख रुपए कर दिया है। अर्थात अब 12 लाख रुपए तक की आय अर्जित करने वाले नागरिकों पर किसी भी प्रकार का आयकर नहीं लगेगा। वेतन एवं पेंशन पाने वाले नागरिकों को 75,000 रुपए की स्टैंडर्ड कटौती की राहत इसके अतिरिक्त प्राप्त होगी। इस वर्ग के करदाताओं को 12.75 लाख रुपए तक की वार्षिक आय पर कोई आयकर नहीं चुकाना होगा। इसके साथ ही, आय कर की दरों में भी परिवर्तन किया गया है। अब 4 लाख रुपए तक की करयोग्य आय पर आयकर की दर शून्य रहेगी। 4 लाख रुपए से 8 लाख रुपए तक की करयोग्य आय पर आयकर की दर 5 प्रतिशत, 8 लाख रुपए से 12 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर की दर 10 प्रतिशत, 12 लाख रुपए से 16 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर की दर 15 प्रतिशत, 16 लाख रुपए से 20 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर की दर 20 प्रतिशत, 20 लाख रुपए से 24 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर 25 प्रतिशत एवं 24 लाख रुपए से अधिक की कर योग्य आय पर 30 प्रतिशत की दर से आयकर लागू होगा।



मध्यमवर्गीय करदाताओं को उक्त सुधारों से लगभग 80,000 रुपए से 1.10 लाख रुपए तक की राशि की बचत होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इस सुधार से कुल मिलाकर देश के बजट में एक लाख करोड़ रुपए की राशि कम प्राप्त होगी अर्थात मध्यमवर्गीय परिवारों को कुल एक लाख करोड़ रुपए की भारी भरकम राशि का लाभ होगा। और, यह लाभ लगभग 2 करोड़ करदाताओं को होने की सम्भावना है। इससे देश के मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवारों के हाथों अतिरिक्त राशि उपलब्ध होगी जिसे वे विभिन्न उत्पादों की खरीद पर खर्च करेंगे और देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में सहायक होंगे। मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवारों ने जितना सोचा था शायद उससे भी कहीं अधिक राहत उन्हें इस बजट के मध्यम से दी गई है। इसीलिए ही, इस बजट को अग्रणी, पथप्रदर्शक एवं अतुलनीय बजट की संज्ञा दी जा रही है।

मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवारों को, आयकर में छूट देकर, दी गई राहत देते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि इससे बजटीय घाटा में वृद्धि नहीं हो। वित्तीय वर्ष 2024-25 में बजटीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 5.9 प्रतिशत रहने की सम्भावना पूर्व में की गई थी, परंतु अब संशोधित अनुमान के अनुसार यह बजटीय घाटा कम होकर 5.8 प्रतिशत रहने की सम्भावना है। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजटीय घाटा 5.4 रहने का अनुमान लगाया गया है। अतः देश की वित्तीय व्यवस्था पर किसी भी प्रकार का विपरीत प्रभाव नहीं पड़ने जा रहा है। हां, पूंजीगत खर्चों में जरूर कुछ कमी रही है और वित्तीय वर्ष 2024-25 में 11.11 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्च के अनुमान के विरुद्ध 10.18 लाख करोड़ रुपए का पूंजीगत खर्च होने की सम्भावना व्यक्त की गई है। हालांकि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 11.12 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्च की व्यवस्था बजट में की गई है। इस राशि को 11.11 लाख करोड़ रुपए से बढ़ाकर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 15 लाख करोड़ रुपए किया जाना चाहिए था क्योंकि पूंजीगत खर्च में वृद्धि से देश में आर्थिक विकास की दर तेज होती है और रोजगार के नए अवसर निर्मित होते हैं। इस संदर्भ में एक रास्ता यह निकाला गया है कि केंद्र सरकार के उपक्रमों एवं निजी क्षेत्र की कम्पनियों से अपेक्षा की गई है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में ये संस्थान भी अपने पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करें ताकि उनके द्वारा किए गए पूंजीगत खर्चों की राशि को मिलाकर कुल पूंजीगत खर्च को 15 लाख करोड़ रुपए से ऊपर ले जाया जाए।

भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से राज्यों के साथ मिलकर कृषि धन धान्य योजना को 100 जिलों में प्रारम्भ किया जा रहा है, इस योजना के माध्यम से इन जिलों में ली जा रही फसलों की उत्पादकता में वृद्धि करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दलहन के उत्पादन में आत्म निर्भरता प्राप्त करने के लिए 6 वर्षीय मिशन चलाया जाएगा।

**-प्रहलाद सबनानी**

-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं

**सीतारमन ने एक महिला वित्तमंत्री के रूप में लगातार 8वां बजट लोकसभा में पेश कर एक रिकार्ड बनाया है। वित्तमंत्री द्वारा लोक सभा में पेश किया गया बजट अपने आप में पथप्रदर्शक, अग्रणी एवं अतुलनीय बजट कहा जा रहा है क्योंकि इस बजट के माध्यम से किसानों, युवाओं, महिलाओं, गरीब वर्ग एवं मध्यम वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है। पिछले कुछ समय से देश की अर्थव्यवस्था में विकास की गति कुछ धीमी पड़ती हुई दिखाई दे रही थी अतः विशेष रूप से मध्यम वर्ग एवं गरीब वर्ग के हाथों में अधिक धनराशि शेष बच सके ताकि वे विभिन्न उत्पादों को खरीदकर अर्थव्यवस्था में इनकी मांग बढ़ा सकें, ऐसा प्रयास इस बजट के माध्यम से किया गया है। साथ ही, भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से रोजगार उन्मुख क्षेत्रों यथा कृषि क्षेत्र, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग, निवेश, निर्यात एवं समावेशी विकास जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि इन्हें विकास के इंजिन के रूप में विकसित किया जा सके।**

## शख्सियत

# देश की पहली महिला स्वास्थ्य मंत्री थीं राजकुमारी अमृत कौर, गांधीजी से थे गहरे संबंध

आजादी से पहले एक जुझारू स्वतंत्रता सेनानी और देश की पहली महिला स्वास्थ्य मंत्री 02 फरवरी को राजकुमारी अमृत कौर का जन्म हुआ था। राजकुमारी अमृत कौर साल 1947 से लेकर 1957 तक इसका कार्यभार संभाला। स्वाधीनता और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अमृता कौर के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की पहली प्रेसीडेंट थीं। वह देश की पहली महिला कैबिनेट भी रही थीं। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर राजकुमारी अमृत कौर के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...



### जन्म और शिक्षा

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के कपूरथला के शाही परिवार में 02 फरवरी 1889 को राजकुमारी अमृत कौर का जन्म हुआ था। उनके जन्म से पहले ही उनके परिवार ने ईसाई धर्म स्वीकार कर लिया था। राजकुमारी अमृत कौर ने ब्रिटेन के डोरसेट में शेरबोर्न स्कूल पूरी की थी। फिर आगे की पढ़ाई उन्होंने लंदन और ऑक्सफोर्ड से पूरी की थी। शिक्षा के नूर ने राजकुमारी अमृत कौर के जेहन ने इस दुनिया को बेहतर तरीके से समझने और सही दिशा में आगे बढ़ने की समझ दी।

### कुप्रथाओं के खिलाफ खोला मोर्चा

जब साल 1909 में अमृत कौर पंजाब में वापस अपने घर लौटीं, तो उन्होंने गुलामी की जंजीरों में जकड़े देश की कुप्रथाओं को रोकने के लिए उसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया। बच्चों के अधिक मजबूत बनाने और अनुशासित बनाने के लिए अमृत कौर ने स्कूली बच्चों के लिए खेलों की शुरूआत करने पर जोर दिया। फिर बाद में उन्होंने नेशनल स्पोर्ट्स क्लब ऑफ इंडिया की स्थापना कर अपने इरादों को आकार देना शुरू किया।

अमृत कौर ने बाल विवाह, पर्दा प्रथा और देवदासी जैसी कुप्रथाओं के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। स्वदेश लौटने के बाद वह महात्मा गांधी से काफी प्रभावित थीं। साल 1919 में गांधी जी से मुलाकात के बाद राजकुमारी अमृत कौर पत्र लिखकर उनसे संवाद किया करती थीं।

### महात्मा गांधी की भी रहीं सचिव

कुछ सालों के बाद 16 साल तक अमृता कौर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की सचिव रही। वह गांधी जी के सबसे करीबी लोगों में शुमार रहीं। वह महात्मा गांधी की कट्टर समर्थक होने के साथ नमक आंदोलन और भारत छोड़ो आंदोलन में हिस्सा लिया। दोनों बार उनको गिरफ्तार कर लिया गया।

भारत की आजादी के बाद राजकुमारी अमृत कौर को देश का स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया था। वह 10 सालों तक इस पद पर रहीं। इस दौरान राजकुमारी अमृत कौर ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की स्थापना के लिए जी तोड़ प्रयास किया। कई देशों से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के बाद वह देश की सेहत सुधारने का इंतजाम किया।



# 'तेरे इश्क में' में मुख्य भूमिका निभाएंगी कृति सेनन

अविस्मरणीय रांझणा (2013) के बाद, पावरहाउस तिकड़ी- आनंद एल राय, धनुष और ए.आर. रहमान- एकतरफा प्यार की एक और भावनात्मक प्रेम कहानी लेकर फिर से साथ आ रहे हैं। आनंद एल राय, हिमांशु शर्मा, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार द्वारा निर्मित, यह फिल्म दर्शकों को भावनाओं के एक रोलरकोस्टर पर ले जाने का वादा करती है, जिसमें महान ए. आर. रहमान का शानदार साउंडट्रैक के साथ इरशाद कामिल के काव्यात्मक गीत हैं। अब सुर्खियों का केंद्र कृति सेनन है, जो हाल के सिनेमाई इतिहास की सबसे प्रतिष्ठित अभिनेत्रियों में से एक के रूप में दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है। प्रशंसक एक भावनात्मक रोलर कोस्टर की उम्मीद कर सकते हैं, जिसमें सच्ची गहनता, परतदार कहानी और वे पल होंगे जो गहरी छाप छोड़ जाएंगे। इस उत्साह को बढ़ाते हुए फिल्म में कुछ शानदार और अविस्मरणीय डायलॉग हैं जो रांझणा की दुनिया से गहराई से जुड़े हुए हैं। ल ही में जारी प्रोमो में कृति सेनन को एक रहस्यमय अवतार में दिखाया गया है, जो उनके पात्र की गहराई, इंटेंसिटी और जटिलताओं को पूरी तरह से दर्शाता है। बेहद खूबसूरत धुन अविस्मरणीय संगीतमय यात्रा का वादा करती है। दिल को छूने वाले धनुष के पहले लुक के बाद, यह शानदार नया खुलासा तेरे इश्क में की प्रत्याशा और दिलचस्पी को बिल्कुल नए स्तर पर ले जाता है, जिससे प्रशंसक और भी अधिक उत्सुक हो गए हैं।

तेरे इश्क में, जो 2025 में फ्लोर पर आने के लिए तैयार है, रांझणा की दुनिया का आध्यात्मिक उत्तराधिकारी है, जो एकतरफा प्यार, लालसा और भावनात्मक संघर्ष के विषयों पर गहराई से प्रकाश डालता है। गुलशन कुमार, टी-सीरीज़ और कलर येलो उत्साहपूर्वक पेश करते हैं तेरे इश्क में, जिसे आनंद एल राय, हिमांशु शर्मा, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार के साथ प्रोड्यूस किया है। स फिल्म को आनंद एल राय ने डायरेक्ट किया है और हिमांशु शर्मा ने लिखा है। इसे ए.आर. रहमान ने म्यूजिक दिया है, और इसके गीत इरशाद कामिल ने दिए हैं। धनुष और कृति सेनन अभिनीत यह फिल्म 28 नवंबर 2025 को दुनिया भर में हिंदी और तमिल में रिलीज होने वाली है।



# सलमान-रश्मिका की फिर बनेगी जोड़ी, सिकंदर की रिलीज से पहले ही हाथ आई दूसरी फिल्म

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। वह विक्की कौशल के साथ 'छावा' में भी नजर आएंगी। हाल ही में इसका ट्रेलर भी रिलीज हुआ है। फैंस रश्मिका को सलमान खान के साथ 'सिकंदर' में देखने के लिए काफी उत्साहित हैं। इस बीच फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ाने वाली खबर सामने आ रही है। आइए जानते हैं वह क्या अपडेट है?

## सलमान के साथ फिर बनेगी जोड़ी

एआर मुरुगादॉस निर्देशित 'सिकंदर' के बाद अभिनेत्री सलमान खान के साथ एक शीर्षकहीन फिल्म में नजर आ सकती हैं। फिल्मफेयर की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों को एक और प्रोजेक्ट के लिए एक साथ साइन किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक सलमान और रश्मिका एटली द्वारा निर्देशित एक आगामी फिल्म में नजर आने वाले हैं। सूत्रों ने खुलासा किया कि 'सिकंदर' के सेट पर इस जोड़ी का काम करने का तरीका बहुत अच्छा था और 'पुष्पा 2- द रूल' में रश्मिका के प्रदर्शन ने एटली और सलमान दोनों को प्रभावित किया, जिसके कारण उन्हें एक नए प्रोजेक्ट के लिए फिर से साथ लिया गया। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



## सलमान खान का वर्क फ्रंट

सलमान खान के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार कैटरीना कैफ के साथ 'टाइगर 3' में देखा गया था। इसके बाद अब वह 'सिकंदर' में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म ईद 2025 पर रिलीज होगी।

## रश्मिका मंदाना का वर्क फ्रंट

रश्मिका मंदाना के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह आखिरी बार 'पुष्पा 2' में अल्लू अर्जुन की पत्नी श्रीवल्ली के किरदार में नजर आई थीं। अब उनके पास सलमान की सिंकदर है। 14 फरवरी को विक्की कौशल के साथ उनकी फिल्म 'छावा' रिलीज होगी। इसके अलावा वह धनुष और नागार्जुन अक्किनेनी स्टारर 'कुबेर' में भी मुख्य भूमिका निभाने वाली हैं।



# अब परिवार संग स्क्रीन शेयर नहीं करना चाहते शाहिद

शाहिद कपूर और मीरा राजपूत कई विज्ञापनों में एक साथ नजर आ चुके हैं। वहीं शाहिद पिता पंकज के साथ भी कई फिल्में कर चुके हैं। लेकिन अचानक ऐसा क्यो हो गया है कि शाहिर अब अपने परिवार के साथ फिल्मों में अभिनय नहीं करना चाहते हैं। शाहिद कपूर ने अपने पिता पंकज कपूर के साथ मौसम और जर्सी जैसी फिल्मों में काम भी किया है। हालांकि, उन्होंने खुलासा किया है कि वह अब अपने परिवार के साथ काम नहीं करना चाहते हैं। शाहिद ने कहा कि काम और परिवार को अलग रखना सबसे अच्छा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान शाहिद ने कहा, मैं परिवार के साथ काम नहीं करना चाहता, यह अच्छा विचार नही है। परिवार और काम को अलग-अलग तरीके से निपटाया जाना चाहिए। अगर वे एक साथ आते हैं, तो यह मुश्किल भरा हो जाता है। मैं उनके साथ काम नहीं करना चाहता क्योंकि अगर मैंने कुछ कहा तो उनकी भावनाएं आहत होंगी। थित तौर पर इस दौरान शाहिद ने अपनी मां नीलिमा अजीम और पत्नी मीरा राजपूत के बारे में कहा, आपके जीवन में हमेशा महिलाएं ही होती हैं, वे आपको बताती हैं कि आप कितने अच्छे या बुरे हैं। मेरी पत्नी और मां दो ऐसे व्यक्ति हैं, जिनकी मैं बहुत सुनता हूं। मैं उन पर भरोसा करता हूं, अगर वे कुछ ऐसा कहती हैं जो अच्छा नहीं लगता, तो मैं जानता हूं कि वे ऐसा इसलिए कह रही हैं क्योंकि मुझे इसे सुनना है। म की बात करें, शाहिद कपूर अपनी आगामी फिल्म देवा में एक पुलिस अफसर की भूमिका निभा में नजर आएंगे। इस फिल्म में शाहिद के साथ पूजा हेगड़े, पावेल गुलाटी, प्रवेश राणा और कुब्रा सैत भी नजर आएंगे। रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित और सिद्धार्थ रॉय कपूर और उमेश केआर बंसल द्वारा निर्मित, देवा 31 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# हेरा फेरी 3 पर मुहर लगने के बाद शुरू हुआ काम!

हेरा फेरी 3 के आधिकारिक तौर पर शुरू होने से प्रशंसक रोमांचित हैं। अपने जन्मदिन पर मशहूर फिल्म निर्माता प्रियदर्शन ने एलान की कि वह लोकप्रिय कॉमेडी फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त का निर्देशन करेंगे, जिसमें अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी की तिकड़ी एक बार फिर साथ नजर आएंगे, जिसमें उनकी शानदार ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री वापस आएगी। वहीं, अब फिल्म की रिलीज को लेकर नया अपडेट सामने आया है।

## कब शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

रिपोर्ट्स के अनुसार, इस बहुप्रतीक्षित फिल्म की शूटिंग इस साल दिसंबर में शुरू होगी। हेरा फेरी 3 को इस साल दिसंबर से मई 2026 तक छह महीने में फिल्माया जाएगा। फिल्म की मूल रूपरेखा और आर्क पहले से ही तैयार हैं। बताया गया है कि यह एक ऐसी कहानी को चमकाने और विकसित करने के बारे में है, जो राजू, श्याम और बाबूराव के पंथ के साथ न्याय करेगी। प्रियदर्शन फिलहाल भूत बंगला की शूटिंग में व्यस्त हैं और फिल्म निर्माता जून 2025 तक वीएफएक्स और पोस्ट-प्रोडक्शन के लिए अपना संपादन पूरा कर लेंगे। इसके बाद वह स्क्रिप्ट पर कुछ समय बिताना चाहते हैं और फिर हेरा फेरी 3 को फ्लोर पर ले जाना चाहते हैं। पूरी टीम जानती है कि हेरा फेरी कितनी बड़ी फ्रैंचाइजी है और वे पहले जैसा हंसी का अनुभव देने में कोई कसर नही छोड़ना चाहते हैं। हेरा फेरी का तीसरा भाग छह महीने की राइटिंग और प्री-प्रोडक्शन के बाद फ्लोर पर जाएगा।



# परदे पर ओशो का किरदार अदा करने पर मिथुन चक्रवर्ती ने तोड़ी चुप्पी

दादा साहेब फाल्के पुरस्कार विजेता दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को लेकर काफी समय से चर्चा है कि वे दार्शनिक और आध्यात्मिक गुरु ओशो रजनीश की बायोपिक में लीड रोल अदा करेंगे। काफी वक्त से मिथुन का लुक भी बदला हुआ है, वे लंबे बाल और बढ़ी हुई दाढ़ी में नजर आ रहे हैं। इसके बाद फैंस की उत्सुकता और बढ़ रही है। एक्टर किसी फिल्म में ओशो का रोल अदा करने वाले हैं या नहीं, इसे लेकर खुद उन्होंने चुप्पी तोड़ी है। मिथुन चक्रवर्ती का कहना है कि उन्हें ओशो की भूमिका ऑफर हुई है, लेकिन अभी कुछ कंफर्म नहीं हुआ है। अभी इसमें चार-पांच लग सकते हैं। मिथुन ने फैंस की अटकलों पर बात करते हुए कहा कि लोग उनसे लगातार इस बारे में पूछते हैं। एक्टर ने कहा फिल्म द कश्मीर फाइल्स के लिए फोटोशूट के दौरान एक फिल्म एडिटर ने ओशो के साथ उनकी समानता पर टिप्पणी की थी। एक्टर ने आगे कहा, मुझे ओशो का रोल ऑफर भी हुआ है, लेकिन अभी कुछ कंफर्म नहीं है। अभी इसमें पांच-छह साल लगेंगे। शायद भविष्य में ऐसा हो। मैं यह रोल करूं। मिथुन ने कहा, जब मैं द कश्मीर फाइल्स कर रहा था तब मैंने कुछ फोटोज लिए थे। मैं उनमें खास मुद्राओं में बैठा था। लोगों ने उन तस्वीरों को देखने के बाद कहा कि ओशो जैसा लग रहा हूं। मुझे ओशो रजनीश की बायोपिक भी ऑफर हुई है, लेकिन अभी कुछ भी कंफर्म नहीं है। अगर ओशो रजनीश की बायोपिक बनती भी है तो उसे बनने में पांच-छह साल लगेंगे।

## एक बड़ी जिम्मेदारी है यह किरदार

मिथुन ने आगे कहा, विवेक अग्निहोत्री चाहते हैं कि मैं ओशो की बायोपिक में काम करूं। एक और इंसान ने मुझे ओशो की बायोपिक के लिए ऑफर दिया है। मैं इसे करना चाहता हूं, लेकिन मुझे पता है कि ये एक बड़ी जिम्मेदारी होगी। ओशो के फॉलोवर्स के लिए वे अब भी एक जिंदा भगवान हैं। वे एक महान इंसान थे और मैं उनकी बहुत इज्जत करता हूं। वर्क फ्रंट की बात करें तो मिथुन द दिल्ली फाइल्स में नजर आएंगे।





# देवा से पहले इन हिंदी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं पूजा हेगड़े

**फिल्म देवा सिनेमाघरों में 31 जनवरी को रिलीज हो गई है। यह फिल्म मलयालम फिल्म मुंबई पुलिस की रीमेक है। इसमें शाहिद कपूर के साथ पूजा हेगड़े नजर आएंगी। पूजा हेगड़े साउथ इंडस्ट्री की चर्चित अदाकारा है। हालांकि, बॉलीवुड में भी उन्होंने काम किया है। देवा से पहले वे हिंदी फिल्मों में बॉलीवुड के सुपरस्टार्स के साथ नजर आई हैं।**

## मोहनजो-दाड़ो

पूजा हेगड़े ने साल 2016 में फिल्म मोहनजो-दाड़ो से बॉलीवुड फिल्मों में डेब्यू किया। अपनी पहली ही हिंदी फिल्म में उन्हें ऋतिक रोशन जैसे सुपरस्टार के साथ काम करने का अवसर मिल गया। मगर, उनकी डेब्यू हिंदी फिल्म ही फ्लॉप रही। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। करीब 120 करोड़ रुपये के बजट में बनी फिल्म सिर्फ 58.23 करोड़ ही कमा पाई।

## हाउसफुल 4

साल 2019 में रिलीज हुई इस मल्टी-स्टारर फिल्म में पूजा हेगड़े नजर आई। इस एक्शन कॉमेडी फिल्म को दर्शकों का प्यार मिला और बॉक्स ऑफिस पर हिट रही। ओपनिंग डे पर इस फिल्म ने 16.50 करोड़ रुपये कमाए और टोटल नेट कलेक्शन 194.60 करोड़ रुपये रहा। इस फिल्म में पूजा हेगड़े ने राजकुमारी माला का रोल अदा किया।

## राधे श्याम

यूं तो यह फिल्म मूल रूप से साउथ की ही है, लेकिन हिंदी दर्शकों तक भी पहुंची। इसे हिंदी भाषा में भी रिलीज किया गया। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। साल 2022 में आई इस फिल्म में पूजा हेगड़े और प्रभास नजर आए थे।

## सर्कस

साल 2022 में पूजा हेगड़े फिल्म सर्कस में नजर आईं। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रणवीर सिंह, जैकलीन फर्नांडिस और वरुण शर्मा जैसे सितारे भी नजर आए। मगर, यह फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर ही साबित हुई। करीब 150 करोड़ रुपये के बजट में बनी फिल्म 35.65 करोड़ रुपये पर ही सिमट गई।

## किसी का भाई किसी की जान

साल 2023 में पूजा हेगड़े को बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान के साथ काम करने का मौका मिला। इस बॉलीवुड फिल्म से बहुत उम्मीदें थीं। मगर, कुछ खास रंग नहीं दिखा पाई। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने औसत प्रदर्शन किया। अब पूजा हेगड़े देवा में नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर निर्देशक रोशन एंड्रूयज कर रहे हैं। देखना दिलचस्प होगा कि पूजा हेगड़े की यह फिल्म क्या रंग जमाती है।

# फिर टूटा राखी सावंत का तीसरी शादी का सपना

कुछ दिनों पहले राखी सावंत अपनी तीसरी शादी की वजह से सुर्खियों में आई थीं। पाकिस्तानी एक्टर डोडी खान ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उन्होंने राखी को शादी के लिए प्रपोज किया था। इतना ही नहीं, राखी ने कई इंटरव्यू में इस बात की पुष्टि की थी कि वह डोडी से शादी करने जा रही हैं और शादी पाकिस्तान में होगी, जबकि भारत में रिसेप्शन होगा। हालांकि अब डोडी ने यू-टर्न ले लिया है और राखी को फ्रेंड जोन में डाल दिया है, उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें उन्होंने राखी के साथ कोलाब किया है। उन्होंने कहा- सलाम वालेकुम हिंदुस्तान पाकिस्तान, मैं डोडी खान, कुछ दिन पहले आपने मेरे सोशल मीडिया पर एक वीडियो देखा, जिसमें मैंने राखी सावंत को प्रपोज किया। बिलकुल ठीक देखा आपने, उन्हें प्रपोज करने की वजह ये थी कि मैं बहुत अच्छे से उन्हें जानता हूं, उनको जब मैंने जाना पहचाना तो एक खुदा से मोहब्बत करने वाला इंसान उनके अंदर दिखा। मेरा ख्याल ये है कि लोगों को ये स्वीकार नहीं, क्योंकि जितने मुझे मैसेज और वीडियो आए, उतना तो मैं बर्दाश्त नही कर सकता।





# वेडिंग फंक्शन्स में आपको स्टाइलिश दिखाएंगे ये टिप्स

**वेडिंग में कई फंक्शन्स होते हैं, जिनके लिए अलग-अलग ड्रेसेस पहनने का मजा ही कुछ और है। इनमें हल्दी फंक्शन का क्रेज लड़कियों के बीच खूब देखा जाता है। हल्दी के दौरान पीले कपड़े पहनने से न सिर्फ फैशन के नजरिए से कॉम्बिनेशन काफी अच्छा लगता है बल्कि पीले रंग के साथ ज्यादातर ज्वैलरी भी अच्छी लगती हैं। आप भी अगर अपनी हल्दी पर स्टाइलिश दिखना चाहती हैं, तो ये टिप्स आपके काम आएंगे।**

## हल्दी सेरेमनी पीले रंग के कपड़े क्यों पहनें

हल्दी छुड़ाना काफी मुश्किल हो सकता है, इसलिए क्यों न इस दिन पीली ड्रेस ही पहनी जाए। पीले के अलग-अलग शेड्स में से आप चुन सकती हैं। मस्टर्ड येलो, ऐंबर येलो, लेमन येलो में से आप चुन सकती हैं। यदि आपको येलो नहीं पहनना हो, तो आप क्रीम या कोई और लाइट कलर पहन सकती हैं।

## हल्दी सेरेमनी के लिए टिप्स


- अगर आपकी हल्दी सेरेमनी है, तो ऐसे में आप स्लीव्स कट सिंपल और प्लेन लहंगा-चोली पहनें, जिसके किनारे पर गोल्डन या सिल्वर कलर का बॉर्डर हो।
- हल्दी सेरेमनी पर पटियाला सलवार के साथ शार्ट कॉटन कुर्ती भी बेहद स्टाइलिश लगेगी। पटियाला सूट के साथ आप अपनी पसंदानुसार एम्ब्रॉयडरी जैकेट या फिर कोई लाइट दुपट्टा कैरी करना अच्छा ऑप्शन रहेगा।
- आपको अगर साड़ी पहननी है, तो पीले रंग की सिम्पल साड़ी पहनें या फिर लाल, नारंगी रंग की साड़ी भी काफी अच्छी लगेगा। इसके साथ मैचिंग पर्ल ज्वैलरी या फूलों की ज्वैलरी भी काफी ट्रेंडिंग लगेगी।

## हैवी दुपट्टा

हल्दी के मौके पर दुपट्टा आपके लिए आफत बन सकता है, इसलिए लाइट स्टोल या स्कॉर्फ तक ठीक है लेकिन हैवी दुपट्टा लेने से बचें।

## स्टोन, हैवी ज्वैलरी

स्टोन या हैवी ज्वैलरी पर अगर हल्दी लग गई, तो आपके लिए खासी दिक्कत हो जाएगी।





# दमकती त्वचा का सपना पूरा करेंगे इन फलों के छिलके

आज तक आपने अच्छी सेहत बनाए रखने के लिए फलों को डाइट में शामिल करने की सलाह तो कई बार सुनी होगी पर क्या आप जानते हैं फल अगर आपको अच्छी सेहत पाने में मदद करते हैं तो फलों के छिलके आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम भी कर सकते हैं। आइए जानते हैं दमकती त्वचा पाने के लिए कैसे करें फलों के छिलकों का इस्तेमाल।

## पपीते का छिलका

चेहरे का रूखापन दूर करके त्वचा का ग्लो बढ़ाने का काम करता है पपीते का छिलका। इसके लिए पपीते के छिलके को सुखाकर बारीक पीस कर इसका पाउडर बना लें। अब दो चम्मच पाउडर में एक चम्मच ग्लिसरीन मिलाकर उसका गाढ़ा पेस्ट बनाकर उसे अपने चेहरे पर फेस पैक की तरह लगा लें। पैक सूख जाने पर अपना चेहरा धों लें। चेहरे की टैनिंग हटाने के लिए पपीते के छिलके को पीसकर उसमें नींबू का रस मिला का इस्तेमाल करें।

## संतरे का छिलका

चेहरे पर मौजूद दाग-धब्बे, मुहांसों और टैनिंग से निजात पाने के लिए संतरे के छिलके को पीसकर उसका बारीक पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट में 2 चम्मच कच्चा दूध और दो चुटकी हल्दी मिलाकर इस पेस्ट को फेस पैक की तरह चेहरे पर लगाएं। पैक सूखने पर चेहरे ठंडे पानी से धो लें।

## नींबू का छिलका

टैनिंग दूर करने के लिए नींबू के छिलके को पीसकर उसका पेस्ट बनाकर चेहरे पर फेस पैक की तरह इस्तेमाल करें।

## केले का छिलका

टैनिंग से छुटकारा पाने के लिए आप केले के छिलके के अंदरूनी सफेद भाग को चेहरे पर हल्के हाथों से बीस मिनट तक रगड़ें। इसके बाद चेहरा धो लें। ऐसा करने से चेहरे की चमक बढ़ती है।

## आम का छिलका

चेहरे की झुर्रियों को कम करने के लिए आम के छिलके को पीसकर इसका पेस्ट चेहरे पर लगाने से मुहांसों और झुर्रियों को कम करने में मदद मिलती है। इसके लिए आम के छिलके को सुखाकर इसका पाउडर बना कर गुलाब जल के साथ, गेहूं के आटे में मिलाकर चेहरे पर उबटन की तरह इस्तेमाल करें।



**कई लोग अपनी हाइट से नाखुश रहते है, उन्हें लगता हैं कि वे थोड़े और लंबे होते तो अच्छा होता। लेकिन अगर कम व अवरेज हाइट होने पर भी सही ड्रस व कपड़ों का चयन करें तो छोटी हाइट को भी लंबा दिखा सकते हैं। आइए, हम आपको कपड़ों के चयन से जुड़ी कुछ ऐसी बातें बताते हैं जो छोटी हाइट को लंबा दिखाने में कारगर साबित होंगी -**

# छोटी हाइट होने पर कैसे करें कपड़ों का चयन

- ऐसी ड्रेस पहनें जिसमें पैर दिखें तो आप लंबी नजर आएंगी जैसे ऐसी कोई शॉर्ट ड्रेस, जो घुटने तक या उससे ऊपर हो। इस तरह की ड्रेस पहनकर छोटे कद को लंबा दिखाया जा सकता है।
- अगर आपका कद छोटा है तो आप हाई वेस्ट की जींस पहन सकती हैं। इस जींस में आपके पैर लंबे नजर आएंगे जिससे देखने वालों को आपकी लंबाई अधिक होने का एहसास होगा।
- छोटे कद को लंबा दिखाने के लिए ऐसे कपड़ों का चयन करें जो वी नेक के हो, जैसे वी-नेक वाली शर्ट, टी-शर्ट, कुर्ती व ड्रेस आदि। गोल गले के कपड़े पहनने से आपको बचना चाहिए।
- कद को लंबा दिखाने के लिए सर से पैर तक एक ही रंग के कपड़ें पहनें, जैसे टॉप और बॉटम दोनों का एक ही रंग होने पर आपका कद लंबा नजर आएगा। वैसे छोटे कद पर गहरे रंग के कपड़ें भी देखने वालों को लंबा होने का एहसास देते है।
- गाउन पहनकर भी आप लंबी नजर आ सकती हैं।
- कपड़ों के अलावा हाई हील्स पहनकर भी आप हाइट को बढ़ा हुआ दिखा सकती हैं।

## ट्रेंडी हैं को-ऑर्ड्स इस समर शॉपिंग लिस्ट में करें शामिल

गर्मियों में कम्फर्टेबल आउटफिट्स खरीदना चाहती हैं तो को-ऑर्ड्स ट्राई करें। ये आउटफिट गर्मियों के लिए फिट होने के साथ बेहद स्टाइलिश भी है। गर्मी के मौसम में को-ऑर्ड्स फैशन जबरदस्त ट्रेंड में है। इसको पहनने के कई फायदे हैं। इन्हें पहनने में झंझट नहीं होता, गर्मियों के हिसाब से कम्फर्टेबल है वहीं स्टाइल के मामले में भी नंबर वन। इन टू-पीस सेट्स के साथ आपको ज्यादा अक्सेसरीज भी कैरी करने की जरूरत नहीं। अगर आप अभी भी इस फैशन को ट्राई करने में झिझक रहे हैं तो बॉलिवुड सिलेब्स से आइडिया ले सकते हैं।

# बच्चों की मजबूत इम्युनिटी के लिए जन्म के पांच साल के अंदर जरूरी है ये वैक्सीनेशन

**कहते हैं हेल्थ एक प्रोसेस है। आप एक दिन में हेल्दी नहीं होते। कई छोटी-छोटी चीजें आपको मजबूत बनाती हैं। यही बात इम्युनिटी पर भी लागू होती है। मजबूत इम्युनिटी हमारे बचपन के खान-पान पर भी निर्भर करती है। वहीं, बचपन में कुछ ऐसे टीके होते हैं, जिनके लगने से गंभीर बीमारियों से बचाव होता है। आज हम आपको ऐसे टीके बता रहे हैं, जिन्हें पांच साल के अंदर बच्चों को लगवाना बहुत जरूरी है।**

## ये टीके हैं बेहद जरूरी

- गर्भवती महिला एंव गर्भ मे पल रहे शिशु को टिटेनस की बीमारी से बचाने के लियेटिटेनसटाक्साइड 1 / बूस्टर टीका और दूसरा टीका एक महिने के अंतर में लगवाएं। अगर पिछले तीन वर्ष मे दो टीके लगे हों तो केवल एक टीका लगवा लेना ही काफी होता है।
- हेपेटाइटिस बी वायरस के संक्रमण से लीवर की सूजन आ जाती है, पीलिया हो जाता है और लंबे समय तक संक्रमण के बाद लीवर कैंसर का भी खतरा हो सकता है। यह टीका बेहद जरूरी है जो हिपेटाइटिस बी के संक्रमण से बचाव करता है।
- डीपीटी टीकों की एक श्रेणी होती है, जो इंसानो को होने वाले तीन संक्रामक बीमारियों डिफ्थीरिया, पर्टुसिस (काली खासी) और टिटनेस से बचाव के लिए दिए जाते हैं।
- पोलियो का टीका पोलियो नामक बीमारी जिसमें बच्चे अपंग हो जाते हैं, से सुरक्षा प्रदान करता है। यह टीका भी बच्चों को जरूर लगवाना चाहिए।
- बच्चे को टीबी से बचाने के लिए अनिवार्य रूप से बी सी जी का टीका लगवा दें। बीसीजी का टीका लग जाने पर शिशु को टीबी की बीमारी से बचाया जा सकता है।
- हिब वेक्सीन का टीका बच्चों को डिफ्थीरिया, काली खांसी, टेटनस, हेपेटाइटिस-बी और एच इन्फलांजी-बी से सुरक्षित रखता है। हिब बेक्टीरिया के संक्रमण से न्यूमोनिया एवं मष्तिष्क ज्वर (मेनिनजाइटिस) जैसी गंभीर बीमारी हो सकती हैं।





# बच्चों से लालच देकर कोई काम न कराएं

**'आप अगर खाना नहीं खाओगे, तो रात में भूत आ जाएगा।' क्या आपने भी अपने बच्चे को खाना खिलाने के लिए ऐसा ही कोई बहाना बनाया है? आपका जवाब अगर हां है, तो आपको यह बात समझने की जरूरत है कि कभी-कभी हम बच्चों को अच्छी बातें सिखाने के लिए कुछ ऐसा बोल जाते हैं, जिससे कि उनके मन में कई डर घर कर जाते हैं। इसके अलावा बच्चे अनजाने में ही कई गलत आदतें सीख जाते हैं। इस कारण आपको कुछ बातें याद रखनी चाहिए-**

आमतौर अपनी बात मनवाने के लिए माता-पिता बच्चे को कोई लालच देते हैं। जैसे होमवर्क पूरा करने या बाहर न जाने के बदले उसे आइसक्रीम या खिलौने का लालच। ऐसा करना बेहद गलत है क्योंकि इसके बाद भी बच्ची सही बर्ताव करने के बदले आपसे अपनी डिमांड को पूरा करवाने की कोशिश करेगा।

## किसी के सामने कोई एक्टिंग करने के लिए कहना

आमतौर पर माता-पिता बच्चों को कोई डांस या एक्टिंग करने के लिए कहते हैं। ऐसा करना शायद एंटरटेनिंग लगे, लेकिन इससे बच्चों के दिमाग पर गलत असर पड़ता है। बार-बार ऐसा कहने पर बच्चे को लगने लगता है कि अगर वह ये सब नहीं करेगा, तो उसके मम्मी-पापा उसे प्यार नहीं करेंगे या फिर मारेंगे।

## किसी के सामने बच्चों पर न चिल्लाएं

अधिकतर माता-पिता बच्चों को किसी मॉल में, पब्लिक प्लेस में या फिर किसी पार्क में ही डांटना शुरू कर देते हैं।



इस दौरान बच्चा आपकी बातें न सुनकर वो इस बात पर ध्यान देने लगता है कि आसपास के लोग सुन रहे हैं इसलिए हमेशा बच्चे को एकांत में उसके व्यवहार के बारे में बताएं ताकि वे अपने बुरे व्यवहार को छोड़ सके।

## दूसरे बच्चों से तुलना

अपना बच्चा सभी को प्यारा लगता है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप अपने बच्चे को फील गुड कराने के लिए उसकी तुलना दूसरों बच्चों से करेंगे। कई बार ऐसा होता है कि बच्चे को मोटिवेट करने के लिए माता-पिता किसी बच्चे को बुरा बताते हुए अपने बच्चे की तुलना करते हैं। ऐसा करने से आपका बच्चा उस दूसरे बच्चे के लिए मन में नेगेटिव इमेज बना लेगा। आगे चलकर यह नेगेटिव चीज उसकी पर्सनैलिटी का हिस्सा भी बन सकती है।

## गलती करने पर गुस्सा करना

कभी-कभी मां-बाप अपने ऑफिस का गुस्सा या किसी और बात का गुस्सा अपने बच्चों पर निकाल देते हैं। साथ ही माता-पिता गुस्से में अपने बच्चे को उस गलती की सजा दे देते हैं, जिसे नजरअंदाज किया जा सकता था। बच्चे को अनुशासन सिखाते वक्त अपनी दूसरी समस्याओं और गुस्से को अलग रखें।

# सर्वार्थ सिद्धि, शुभ योग में सूर्य रथ सप्तमी आज,गुरू भी होगें मार्गी

**चौमूँ**( निस ). ग्रहों के राजा कहे जाने वाले ग्रह सूर्य देव का प्राकट्योत्सव आज मंगलवार को माघ मास की सप्तमी तिथी को मनाया जाएगा।इसे सूर्य सप्तमी,आरोग्य व अचला सप्तमी भी कहा जाता है।ज्योतिषाचार्य डॉ.योगेश शर्मा ने बताया कि आज सर्वार्थ सिद्धि,शुभ योग के साथ अश्विनी नक्षत्र,मेष राशि का चंद्रमा रहेगा। धार्मिक मान्यता है कि भगवान सूर्य इसी सप्तमी तिथी को सात घोड़ो पर सवार होकर प्रकट हुए थे।सूर्य देव प्रत्यक्ष देव है।इस तिथी को पवित्र नदियों में स्नान करके एवं सूर्य मंत्रों का जाप करने से त्वचा रोग के साथ आंखों की तकलीफें कम होती है।आज सूर्य देव का व्रत पूजा करने से सौभाग्य,सुख,समृद्धि मान-सम्मान की प्राप्ति होती है।तांबे के पात्र में जल,लाल चंदन,लाल फूल,अक्षत और गुड़ डालकर सूर्य नारायण को जल अर्पित करें।जिन लोगों की जन्मपत्रिका में सूर्य ग्रह के कारण परेशानी आ रही है वे सूर्य देव की विशेष पूजा करने के साथ आदित्य हृदय स्त्रोत,सूर्याष्टक या सूर्य कवच का पाठ कर सकते हैं।आज नमक रहित भोजन करना चाहिए।इसके अलावा लोहे,चमड़ा,जूते की खरीदारी नही करनी चाहिए।किसी पवित्र नदी या तीर्थ में स्नान करके दान करने से सात जन्मों के पापों से मुक्ति मिलती है।



## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता ( परियोजना) जन स्वा.अभि. विभाग खण्ड सरदारशहर

e-mail: eeproj.chu.phed@rajasthan.gov.in

कमांक- 1991 दिनांकः- 24-01-25

### ई - निविदा सूचना 26-31 / 2024-25

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पी.डब्लू. एफ. एण्ड ए. आर. पार्ट - अपेडिक्स 16 दिनांक 01.07.1999 से लागू एवं समय - समय पर वित्त विभाग द्वारा जारी संशोधित परिपत्रों (प्रकाशन दिनांक तक) के अनुरूप विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं संबंधित कार्यों में अनुभव रखने वाली फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आंमत्रित की जाती हैं । निविदा फार्म ऑन लाईन वेबसाईट http://eproc.rajasthan gov.in से कॉलम संख्या 06 में अंकित तिथि तक गांग 00 बजे तक डाउनलोड / अपलोड किए जा सकते हैं। वैब साईट पर तकनीकी बिड कॉलम संख्या 07 में अंकित तिथि को इस कार्यालय में प्रातः 02.00 पी.एम. पर खोली जावेगी । यदि किसी कारणवंश उस दिन अवकाश रहता है, तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय पर तकनीकी बिड खोली जावेगी ।

निविदा शुल्क / धरोहर राशि निविदादाता द्वारा ई-ग्रास के माध्यम से DDO Code 4836 XEN Project Div SARDARSHAHR Budget Head लोक निर्माण कार्य जमा 8443-00 108-00-00 एवं निविदा शुल्क (through e-GRAS Challan (website http://egras.raj.nic.in) In favour of DDO Code 4836-X.EN Project Div SARDARSHAHR Budget Head निविदा शुल्क प्राप्ती - 0075-00-800-52-01) के अन्तर्गत जमा करवाया जावेगा, ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क रूपये 50.00 लाख तक 500/- रू. 50.00 लाख से 100.00 तक 1500 / - 100.00 लाख से 500. 00 लाख तक रू. 2000/- तथा 500.00 लाख से अधिक रू.2500/- का का द्वारा ई-ग्रास के माध्यम से जमा करवाकर भौतिक रूप कालम से. 07 मे अंकित दिनांक को प्रातः 11.00 बजे तक इस कार्यालय मे जमा करवाना आवश्यक है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल (DSC) हस्ताक्षर के माध्यम से वैब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर फर्म को रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है ।

| निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाखो मे) | धरोहर राशि राशि (लाखो मे) | निविदा शुल्क राशि रूपये मे | निविदा /डाउनलोड/ अपलोड करने की अवधि | तकनीकी बिड खोलने की तिथि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 26/24-25 | Annual Rate Contract for Removing of Leakage and chocking in variou size pipe lines in UWSS under City sub Division Sardarshahar. UBN No PHE2425 WSRC08582 Date 24.01.25 | 20.00 | 40000 | 500 | 20.02.2025 | 21.02.2025 | 12 Month |
| 27/24-25 | Annual Rate Contract for Removing of Leakage and chocking in variou size pipe lines in RWSS under (O&M) sub Division Sardarshahar. UBN is : PHE2425 WSRC08583 Date 24.01.25 | 10.00 | 20000 | 500 | 5.2.2025 | 06.02.2025 | 12 Month |
| 28/24-25 | Annual Rate Contract for operation and maintenance of pump house RWSS Swai Badi under (O&M) sub division Sardarshahar, District-Churu. UBN is: PHE2425 WSRC08584 Date 24.01.25 | 06.03 | 12060 | 500 | 5.2.2025 | 06.02.2025 | 12 Month |
| 29/24-25 | Annual Rate Contract for Operation and Maintains of Pump House RWSS Udasar Bidawatan RWSS under (O&M) sub division Sardarshahar, District-Churu. UBN is: PHE2425 WSRC08585 Date 24.01.25 | 06.03 | 12060 | 500 | 5.2.2025 | 06.02.2025 | 12 Month |
| 30/24-25 | Annual Rate Contract for Operation and Maintains of Pump House Ranasar Jaitasar and Dhani Ranasar RWSS (under (O&M) sub division Sardarshahar, District-Churu. UBN is: PHE2425 WSRC08587 Date 24.01.25 | 06.03 | 12560 | 500 | 5.2.2025 | 06.02.2025 | 12 Month |
| 31/24-25 | Annual Rate Contract for Daly Operation of valve for Maintains the water supply of various village RWSS under (O&M) PMC, PHED sub Division Sardarshahar. UBN is: PHE2425WSRC08589 Date 24.01.25 | 09.96 | 19920 | 500 | 5.2.2025 | 06.02.2025 | 12 Month |

**नोट-** निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण एवं अन्य शर्ते निम्नलिखित वैब साईट पर देखी जा सकती है 1- http://eproc.rajasthan.gov.in 2- sppp.rajasthan.gov.in x-www.dipronline.org निविदा में निर्धारित दिनांक तक नवीनतम पुर्नावलोकन रजिस्ट्रेशन होना आवश्यक है। शर्त सहित निविदा मान्य नहीं होगी, निविदा विकय / प्राप्ति / खोलने की तिथि को अवकाश होने पर अगला कार्य दिवस माना जावेगा । निम्न हस्ताक्षरकर्ता को किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कारण बतायें निरस्त करने का पूर्ण अधिकार रहेगा ।

**प्रकृति का अनुपम उपहार**
**स्वच्छ जल का सबको उपहार**

**(रामदेव पारीक)**
**अधिशाषी अभियन्ता (परियोजना )**
**जन स्वा.अभि.विभाग, खण्ड सरदारशहर**

DIPR/C/1205/2025

## कार्यालय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भोज्याडा

ब्लॉक-चाकसू, जिला- जयपुर

क्रमांक- 1656 दिनांक 23.01.2025

### निविदा सूचना

सूचना संख्या 01 /2024-25 विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम अन्तर्गत निर्माण कार्य हेतु राज्य एवं केन्द्र सरकार के राजकीय / अर्द्धशासकीय / स्वायत्तशासी निकायों में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत संवेदकों से कार्यवार मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र विक्रय / अपलोड की तिथि | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि | निविदा खोलने की तिथि | कार्य पूर्ण करने की तिथि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अंकेशपुरा, ग्राम पंचायत भोज्याडा, पं. स. चाकसू में 01 हॉल निर्माण कार्य हेतु । | 4.95 लाख | 9900रू. ( अनुमानित लागत 2 %) VID-HYALAYA VIKAS EVAM PRA-BANDHAN SAMITI के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट / बैंकर्स चैक द्वारा | 28.01.2024 से 06.02.2025 को दोपहर 12.00 बजे | 07.02.2025 को दोपहर 12.00 बजे | 07.02.2025 को दोपहर 12.30 बजे | 6 माह | 500/- |
| 2 | राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय विनोदीलालपुरा, ग्राम पंचायत भोज्याडा, पं. स. चाकसू में 01 हॉल निर्माण कार्य हेतु । | 4.95 लाख | 9900रू. ( अनुमानित लागत 2 %) VID-HYALAYA VIKAS EVAM PRA-BANDHAN SAMITI के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट / बैंकर्स चैक द्वारा | 28.01.2024 से 06.02.2025 को दोपहर 12.00 बजे | 07.02.2025 को दोपहर 12.00 बजे | 07.02.2025 को दोपहर 12.30 बजे | 6 माह | 500/- |
| 3 | राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कीरतपुरा, ग्राम पंचायत भोज्याडा, पं. स. चाकसू में 01 हॉल निर्माण कार्य हेतु । | 4.95 लाख | 9900रू. ( अनुमानित लागत 2 %) VID-HYALAYA VIKAS EVAM PRA-BANDHAN SAMITI के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट / बैंकर्स चैक द्वारा | 28.01.2024 से 06.02.2025 को दोपहर 12.00 बजे | 07.02.2025 को दोपहर 12.00 बजे | 07.02.2025 को दोपहर 12.30 बजे | 6 माह | 500/- |

**शर्ते-** 1. निविदा फार्म लेने हेतु प्रार्थना पत्र के साथ संवेदक के द्वारा रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र एवं GST का रजिस्ट्रेशन की प्रति एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने एवं निविदा शुल्क जमा करवाने पर ही निविदा फार्म जारी किया जायेगा । (2) निविदा से सम्वधित विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
NIB No - RSE 2425 A 1065
UBN No- RSE 2425 WSOB 02172

**प्रधानाचार्य**
**राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय**
**ब्लोक-चाकसू, जिला तयपुर**

DIPR/C/1116/2025


# श्रीमद् भागवत कथा सुनने उमड़े श्रद्धालु

## सात दिवसीय संगीतमय कथा का हो रहा है आयोजन



जयपुर टाइम्स

**चौमू(निसं.)**। शहर के सब्जी मंडी के पास अग्रवाल धर्मशाला स्थित सत्यनारायण मंदिर परिसर में 2 फरवरी से 9 फरवरी तक आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के तहत दूसरे दिन सोमवार को कथा आयोजक सत्यनारायण व यज्ञदत सर्राफ ने श्रीमद् भागवत कथा की महा आरती कर कथा की शुरुआत करवाई। कथा वाचक पंडित रामबाबू शास्त्री ने भक्तों को महर्षि वेदव्यास नारद संवाद, परिक्षित जन्म, शुकदेव आगमन, विदूर चरित्र, कपिल की कथा सुनाई । कथा को सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथा के अन्त में श्रद्धालुओ को प्रसाद वितरण किया गया। मंगलवार की कथा में 12.15 बजे सति चरित्र, ध्रुव चरित्र, भरत चरित्र, भक्त अजामिल उपाख्यान संवाद की कथा सुनाई जाएगी। इसी कड़ी में रविवार रात्रि को श्री सीताराम राधेश्याम सत्संग मंडल की ओर से संकीर्तन किया गया। कार्यक्रम में पवन पवन महेश्वरी, विनेश डगायच, नरेश पाल सिंह ने हरे राम राधे श्याम का सत्संग कर श्रोताओं को नाचने पर मजबूर कर दिया।

# विद्यालय में बच्चों के साथ सूर्य नमस्कार का किया आगाज



जयपुर टाईम्स

**चाकसू(निसं.)**। चाकसू उपखंड क्षेत्र के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय झापदा कला में सूर्य सप्तमी के उपलक्ष में सूर्य नमस्कार के 12 चरण बालको एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ, एसएमसी, एसडीएमसी के सदस्य और ग्राम वासियों के साथ मिलकर विधिपूर्वक विद्यालय प्रांगण में प्रधानाचार्य रामलाल मीणा की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य ओम शंकर शर्मा, रामेश्वर प्रसाद मीणा, कैलाश चंद मीणा, संतोष गुर्जर, अशोक कुमार गुप्ता नारायण लाल टेलर, अनिल कुमार मीणा, रामदयाल चौधरी, सूरजमल मीणा, हरिराम चौधरी, कैलाश चंद्र शर्मा, आशीष कुमावत, राकेश कुमार शर्मा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ प्रात 9.00 बजे सूर्य नमस्कार करने हेतु उपस्थित रहे। शिक्षक कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि सूर्य नमस्कार के चरणों के बाद कक्षा एक से आठ तक के बालकों को बाल गोपाल योजना के अंतर्गत प्राप्त दूध पिलाया गया। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया शा. शिक्षक अनिल कुमार मीणा ने इस कार्य को संपूर्ण करवाया।

# छात्र-छात्राओं ने किया सामूहिक सूर्य नमस्कार

जयपुर टाइम्स

**कानोत(निसं.)**। कस्बे के साम्भरिया रोड़ पर स्थित महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कानोता में सूर्य सप्तमी के अवसर पर शारीरिक शिक्षिका शशि सामरिया के निर्देशन में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। शिक्षक पवन शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों, स्टाफ, एसडीएमसी सदस्यों,अभिभावकों ने सामूहिक सूर्य नमस्कार किया। प्रधानाचार्य सीमा शर्मा ने प्रतिदिन योगाभ्यास करने एवं इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। शशि सामरिया ने सूर्य नमस्कार के दौरान किये जाने वाले समस्त योगासनों एवं उनके लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम को विद्यालय की उपप्रधानाचार्य अनुसूइया शर्मा, एसडीएमसी सदस्य प्रवीण टाक आदि ने सम्बोधित किया।इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ नरेन्द्र रूण्डला, राजकुमारी वर्मा, राधा यादव, कपिल प्रकाश सिंघल, सुनीता मीणा, कान्ता मीणा, पल्लवी गोयल, निर्मल जग्रवाल, पूनम खण्डेलवाल, हेमलता शर्मा, कमलेश बैरवा, प्रेम बैरवा, ज्योति सोनी, शुभ्रा लडीवाला, नीतू चन्देल, विकास शर्मा, निधि सिंघल उपस्थित रहे।

# देवनारायण मंदिर डोईपुरा में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)**। धर्म हमें सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। धर्म के साथ शिक्षा और संस्कार भी जरूरी है। यह उदगार फुलेरा विधायक विद्याधर सिंह चौधरी ने सोमवार को डोईपुरा में भगवान देवनारायण मंदिर में आयोजित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। उन्होंने देवनारायण मंदिर डोईपुरा में 5 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की। इस दौरान पंचायत समिति सांभरलेक के प्रधान सहदेव गुर्जर, समाजसेवी सुरेश गांगल नासनोदा, दयानंद चौधरी, शिवदान कोली विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हबसपुरा सरपंच पुरुषोत्तम मीणा ने की। समारोह में भगवान देवनारायण की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। वही हवन यज्ञ में 40 जोड़ों ने आहुतियां दी। इससे पूर्व रविवार रात्रि में भजन संध्या आयोजित की गई और कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के दौरान सरकारी सेवाओं में चयनित अभ्यर्थियों, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर रामेश्वर गुर्जर, नाथूलाल गुर्जर, रामराज डोई, उगमाराम खाटरिया, बल्लाराम सहित कई लोग मौजूद रहे।





## कार्यालयः- अधिशाषी अभियन्ता, दशम खण्ड, इ. गा.न.प. तारानगर (चूरू)

दूरभाष नं. 01561-240367 ई-मेल पता Xenv®taranagar@gmail.com

क्रमांक-2221-28 दिनांक-24.01.2025

### ई-निविदा संख्या 05 वर्ष 2024-25

राजस्थान राज्यपाल महोदय, की ओर से निम्न हस्ताक्षरकर्ता द्वारा नवीन पंजीयन नियमों के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पजीकृत एंव अनुभवी संवेदकों से ई-निविदा संख्या 05 वर्ष 2024-25 में वर्णित कार्यो हेतु ई- निविदा आमंत्रित की जाती है। इन कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा डाउनलोड करने की तिथि / अपलोड करने की तिथि तथा निविदा की शर्तें, इत्यादि सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट http://sppp.rajasthan.nic.in पर देखी जा सकती है तथा निविदा दिनांक 24.01.2025 मध्यानह पश्चात् 5.00 बजे से दिनांक 05.02.2025 प्रातः 11.00 बजे तक http://eproc.rajastan.gov.in से डाउनलोड / अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदाएँ दिनांक 05.02.2025 को मध्यान्ह पश्चात् 3.00 बजे खोली जावेगी ।
UBN IS IGB2425WSOB00635, UBN IS IGB2425WSOB00636,
UBN IS IGB2425WSOB00637, UBN IS IGB2425WSOB00638,
UBN IS IGB2425WSOB00639

**(प्रभु सिंह राठौड़)**
**अधिशाषी अभियन्ता**
**दशम खण्ड, इ.गा.न.प.**
**तारानगर (चूरू)**

DIPR/C/1211/2025

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड तारानगर

क्रमांक- 1578-82 दिनांक 24/01/2025

### ई-निविदा सूचना सं. 15/2024-25

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तारानगर खण्ड के अन्तर्गत सड़क निर्माण एवं भवन मरम्मत कार्य कुल 03 कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर.पी. डब्ल्यू.ए.-100 की शर्त लागू होगी ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2425A3918 के UBN No. निम्न प्रकार है

| S.No | UBN No. | S.No | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1. | PWD2425WSOB14145 | 2. | PWD2425WSOB14146 |
| 3. | PWD2425WSOB14147 | | |

**(विजय प्रताप करवा)**
**अधिशाषी अभियन्ता,**
**सा.नि.वि. खण्ड-तारानगर**

DIPR/C/1165/2025

## Office of the Executive Engineer, Public Health Engineering Department, Division Ratangarh

No.:- EE/NIT/2024-25/ 3049 Date- 28.01.2025

### Notice Inviting Bid

Bid for SUPPLY OF CI TAIL PIECE & RUBBER RING FOR CID JOINTS UNDER PHED DIVISION RATANGARH, ARC FOR SUPPLY OF CID JOINTS FOR PVC PIPES and ARC FOR SUPPLY OF VARIOUS SIZE APPROVED MAKE SUBMERSIBLE CABLE under Division Ratangarh are invited from interested bidders up to 10.02.2025, other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state and P.H.E.D. department
website:
UBN NIT No.: 58 PHE 2425 WSOB 08717
UBN NIT No.: 59 PHE 2425 WSRC 08722
UBN NIT No.: 60 PHE 2425 WSRC 08723

**(Mahendra Kantiwal)**
**Executive Engineer PHED**
**Division Ratangarh**

DIPR/C/1300/2025

## OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT CIRCLE CHURU

e-mail: sephedchuru@gmail.com secircle.chu.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांकः-त स/चूरू/2024-25/3073-3100 दिनांक- 24/01/2025

### E-NOTICE INVITING BID (23-24/2024-25)

Bids for 02 nos. works of total Rs. 80.00 lacs at Churu district are invited from interested bidders upto 06.00 PM on date 6.02.2025. other particulars of the bid may be visited on the procurement portal https://sppp.rajasthan.gov.in of the state and phed tenders.raj.nic.in department website and eproc.rajasthan.gov.in.

UBN- PHE2425WSRC08575, PHE2425WSRC08577

**Superintending Engineer,**
**PHED, Circle Churu.**

Ro number- DIPR/C/2025/ 1211

## अलवर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि. अलवर

क्रमांकः- अ.डे./एमआईएस / निविदा / 2025 / 108465-71 दिनांक- 03.02.2025

### ई निविदा - सूचना

अलवर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि., अलवर की 25 दुग्ध समितियों पर POS (Point of Sale) मशीन लगाये जाने एवं रखरखाव हेतु ऑन लाईन निविदा वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर आमन्त्रित की जाती है।
दुग्ध समितियों पर POS (Point of Sale) मशीन लगाये जाने एवं रखरखाव की विस्तृत शर्ते / अमानत राशि एवं महत्वपूर्ण दिनांक इत्यादी की जानकारी वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in (UBN No. CDF2425WSRC01203) पर देखी जा सकती है।

**प्रबन्ध संचालक**

# झुंझुनूं जिले से होगा बाल श्रम का सफाया

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं जिले को बाल श्रम मुक्त बनाने के उद्देश्य से पैन इंडिया बचाव व पुनर्वास अभियान 2.0 की शुरुआत की जा रही है। जिला बाल संरक्षण इकाई व बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अरविन्द ओला ने बताया कि यह अभियान 31 मार्च 2025 तक आयोजित किया जाएगा और यह राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली के दिशा-निर्देशों पर आधारित है। इस अभियान का मुख्य उ?द्देश्य बाल श्रम में संलिप्त बच्चों की पहचान करना, उन्हें तुरंत बचाना और उनका पुनर्वास सुनिश्चित करना है। अभियान के अंतर्गत जिले के सभी बाल श्रम संभावित क्षेत्रों, जैसे कारखानों, होटलों, ढाबों, उद्योगों, दुकानों, खान, ईंट भट्टों, निर्माण स्थलों आदि में विशेष रूप से कार्यवाही की जाएगी। इन क्षेत्रों में कार्यरत बच्चों को रेस्क्यू करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से तत्पर रहेगा। जिला कलक्टर रामावतार मीणा ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए समस्त संबंधित विभागों को निर्देशित किया है। इस अभियान में पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य, श्रम, महिला व बाल कल्याण, स्थानीय प्रशासन और गैर सरकारी संगठनों का सहयोग लिया जाएगा। इस अभियान के तहत, बाल श्रम में संलिप्त बच्चों की पहचान की जाएगी और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जाएगा ताकि वे किसी भी प्रकार के शारीरिक, मानसिक और शोषण से मुक्त हो सकें। रेस्क्यू किए गए बच्चों का पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और अन्य आवश्यक संसाधन प्रदान किए जाएंगे। बच्चों का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक पुनर्वास भी किया जाएगा ताकि वे समाज में वापस आकर एक सामान्य और खुशहाल जीवन जी सकें। इस अभियान में विशेष ध्यान दिया जाएगा कि बाल श्रमिकों को उनके परिवारों से मिलाया जाए। यदि बच्चों के परिवार का पता नहीं चलता या वे असुरक्षित होते हैं, तो उन्हें बाल देखरेख संस्था में रखा जाएगा। इस दौरान बच्चों की शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, और समाज में पुनः एकीकृत करने के लिए काउंसलिंग भी प्रदान की जाएगी। अभियान का उद्देश्य सिर्फ बाल श्रम के उन्मूलन तक ही सीमित नहीं है बल्कि इस अभियान के माध्यम से जिले में बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना भी है। इस अभियान में आम जनता, समाजसेवी संस्थाओं और विभिन्न समुदायों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी ताकि बाल श्रम के खिलाफ एक सशक्त सामाजिक आंदोलन खड़ा किया जा सके। अभियान के तहत बचाए गए बच्चों को कड़ी निगरानी में रखा जाएगा और उनके पुनर्वास के बाद उनका समाज में पुनः प्रवेश सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए बाल कल्याण समितियों और संबंधित अधिकारियों से निरंतर संपर्क रखा जाएगा। इस अभियान के दौरान बच्चों को जीवन की बुनियादी जरूरतों जैसे पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और मानसिक समर्थन दिया जाएगा। झुंझुनूं जिले को बाल श्रम मुक्त बनाने के इस अभियान के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। अरविन्द ओला ने इस अभियान की सफलता के लिए सभी विभागों और संस्थाओं व आमजन से सक्रिय सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल प्रशासन का कार्य नहीं है, बल्कि इसे समाज के हर व्यक्ति, संगठन और नागरिक के सहयोग से ही सफल बनाया जा सकता है।

## अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी की बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निस)।** कस्बे के अंबेडकर भवन में डॉ अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी की कार्यकारिणी को भंग किया गया। जिसमें सात सदस्यों की कमेटी बनाई गई जिसमें पार्षद राधेश्याम रचेता, द्वारकाप्रसाद असवाल, नेहरू वाल्मीकि, विजेंद्र नायक, नरसिंह प्रसाद असवाल, सीताराम हवलदार ने निर्णय लिया। आगामी मीटिंग 10 फरवरी को अम्बेडकर भवन में सांय 4 बजे रखी गई जिसमें कार्यकारिणी गठित की जाएगी और कस्बे में डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लगाने का निर्णय लिया जाएगा। इस दौरान एडवोकेट हँसराज कबीर, विजेंद्र भीमप्रेमी, राहुल असवाल, मक्खनलाल, कमल जीनगर रिछपाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## महिला मंडल ने अर्पित किए बाबा श्याम को निशान



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** फरवरी कस्बे में वार्ड 07 स्थित हेमाणी निवास, जिनकु कुमावत, लक्ष्मी बालान निवास से उमा बाई के नेतृत्व में हारे का सहारा महिला मंडल ने श्री श्याम बाबा की 151 निशानो के साथ गाजे बाजे और पुष्पवर्षा के साथ पदयात्रा निकाली। आरंभ में हेमाणी परिसर में निशानो की पूजा और जोत प्रज्वलित कर बाबा श्याम को धोक लगाई गई। पैदल यात्रा जाल वाले बालाजी मंदिर, सुभाष चौक चौक, मुख्य बाजार से होते हुए फतेहपुर रोड़ वार्ड 2 में स्थित विश्वनाथ बुढ़ाढ़रा श्याम मंदिर में पहुचकर पुजारी विश्वनाथ के सानिध्य में विधिवत पूजा अर्चना के बाद बाबा श्याम को निशान अर्पित किए। महिला मंडल की सरोज सिधानिया, संजु सैनी, मंजू सैनी के सानिध्य में बाबा श्याम का भक्तिमय कीर्तन किया गया। इस अवसर पर सुभाष हेमाणी, धनराज सैनी, रमेश मिश्रा, संदीप केजड़ीवाल, शशीकांत मोदी, रामस्वरूप टेलर, उमा हेमाणी, आरती नाटाणी, दिव्या हेमाणी, संगीता टेलर, सुनीता सेन, सुनीता यादव, रिंकु सोलंकी, सोनम केजड़ीवाल सहित अनेक महिला मंडल श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## 40 दिवसीय फाल्गुन महोत्सव का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** बसंत पंचमी से कस्बें में फाल्गुन महोत्सव का शुभारंभ हुआ। श्री सर्व हितेषी व्यायामशाला के अध्यक्ष सुरेश पालड़ीवाला ने बताया कि श्री सर्व हितेषी व्यायामशाला परिसर में रविवार को दोपहर बाद धर्म ध्वजा की स्थापना के साथ ही फाल्गुनी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। इसी दिन से रोज व्यायामशाला में ढोल- ताशे बजाए जाएंगे और एकादशी को श्री लक्ष्मीधर शुक्ल की प्रतिमा के साथ विभिन्न मार्गो से होते हुए ढंफ मंडली कलाकारों के साथ रात्रि में जुलूस निकाला जाएगा। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष नरेश सोनी, पिताम्बर मिश्रा, मास्टर रिधकरण सैन, बालकिशन भाटीवाड़ा, जोन भाटीवाड़ा, रविन्द्र शर्मा, पंकज शर्मा, प्रफूल भादूपोता सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## नवभारत साक्षरता कार्यक्रम एक दिवसीय पंचायत स्तरीय प्रशिक्षण



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत तेतरा के पीईईओ विद्यालय सहित रामेश्वर सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को वीटी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया प्रशिक्षण में साक्षरता प्रभारी अध्यापिका विमला राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मीठवास, रेखा अध्यापिका श्योपुरा टाटा पंचायत स्तर पर नियुक्त सभी 7 स्वंयसेवी शिक्षक उपस्थित रहे। अध्यक्षता पीईईओ राजबाला ने की और प्रशिक्षण साक्षरता प्रभारी प्रदीप कुमार रहें। इस दौरान बैंक संबंधी जानकारी, अपने अधिकार और मूल्यों की जानकारी, चाइल्ड केयर एंड एजुकेशन हेल्थ केयर, बाजार से खरीदारी करते समय गुणवत्ता, मूल्य व पैकिंग दिनांक परिवार के पड़ोसी से अच्छे संबंध सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण शिविर में साक्षरता प्रभारी विमला, रेखा, सीता देवी, प्रदीप कुमार, किरण, संदीप कुमार, उत्तम कुमार, जितेंद्र सिंह कमलेश आदि मौजूद रहे।

## बसंत पंचमी पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ एनसीसी कैडेट्स का सम्मान

जयपुर टाइम्स




**मंडावा(निस)।** आदर्श विद्या मंदिर, मंडावा में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय निदेशक अभिषेक तेतरवाल, प्रधानाचार्य मुकेश कुमार स्वामी व प्रधानाचार्य श्रवण कुमार मंचासीन रहे। कार्यक्रम में छात्राओं ने घूमर, राजस्थानी लोक कला और शक्ति स्वरूप की अद्भुत प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। एनसीसी नेवल ए.एन.ओ. दिनेश कुमार और एनसीसी आर्मी ए.एन.ओ. सोनू शर्मा ने कैडेट्स को भविष्य में भी अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय निदेशक अभिषेक तेतरवाल ने कहा कि बसन्त पंचमी के विषय में विद्यार्थी को बताया कि ये पर्व विद्या की देवी माँ सरस्वती के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। साथ ही इस दिन से ऋतु परिवर्तन भी माना जाता है। विद्यालय परिवार ने बसंत पंचमी के इस शुभ अवसर पर माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना कर ज्ञान और विद्या के प्रकाश के प्रार्थना की। इस दौरान अजय कुमार कुमावत, मोहित शर्मा, हरीश सीगड़, सद्दाम हुसैन, नदीम खान, नरेंद्र दायमा, मंजू, सारिका शर्मा, परमात्मा, प्रीति जोशी, काजल शेखावत, पूजा जानू, सरिता शर्मा सहित स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अश्मिता बैनर्जी ने किया।

## तेतरा में कृष्ण भोग का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** शहीद रामेश्वर सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तेतरा में सोमवार को रामप्यारी कस्वा पत्नी सुभाष कस्वा की ओर से कृष्ण भोग का आयोजन किया गया। विद्यालय के कक्षा 1 से 12 तक 169 बच्चे और आंगनबाड़ी केंद्र प्रथम तेतरा व स्टॉफ व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, इंटर्नशिप करने वाले सभी छात्र व छात्रा अध्यापक उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य राजबाला ने धन्यवाद व्यापित किया।

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स




**झुंझुनूं(निस)।** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने की। बैठक में बिजली, पानी, मौसमी बीमारियों सहित आमजन से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला कलेक्टर ने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को मौसमी बीमारियों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माणाधीन सरकारी भवनों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और समयबद्ध तरीके से निर्माण कार्य पूरा करने पर जोर दिया। बैठक में खुले बोरवेल की सुरक्षा को लेकर विशेष निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों से जिले में खुले पड़े बोरवेल की सूचना शीघ्र भिजवाने और उन्हें बंद करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का आदेश दिया।

### योजनाओं का व्यापक लाभ देने पर जोर

जिला कलेक्टर ने 5 फरवरी से चलने वाले एग्री स्टेट अभियान के साथ ही मंगला पशु बीमा योजना और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक आमजन को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

### *शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग पर निर्देश*

*अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य ने विभागीय अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कार्यालयों में संपर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रणजीत सिंह, एसीईओ रामनिवास चौधरी, नगर परिषद आयुक्त दिलीप पूनिया, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. राजेंद्र लंबा, सीडीईओ अनसूईया, महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्यौला, पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक देवेंद्र चौधरी और अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।*

## ब्रह्म बगीची शिव मंदिर की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा धूमधाम से होगी



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** कस्बे के वार्ड 2 में निर्माणाधीन ब्रह्म बगीची शिव मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह धार्मिक कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित होंगे। सात दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का 21 फरवरी से भूमि पूजन के साथ शुभारंभ होगा। 22 फरवरी को सुबह सवा 11 बजे गणेश व कलश पूजन होगा। 25 फरवरी को सुबह साढ़े 9 बजे कलश यात्रा व नगर भ्रमण और रात्रि को भजन संध्या का आयोजन होगा। 26 फरवरी को सुबह 10.15 बजे मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व शिव अभिषेक का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और शाम को 4.15 सियाराम बगीची से ब्रह्म बगीची तक शिव बारात प्रस्थान व 27 फरवरी को सुबह सवा 4 बजे भस्म आरती और दोपहर में भंडार का आयोजन किया जाएगा।

## डॉ अरविंद यादव के द्वितीय पुण्यतिथि पर निशुल्क मेगा शिविर का आयोजन 6 फरवरी को

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निसं.)।** कस्बे के निकटवर्ती बागवास अहिरान के पंचायत परिसर में 6 फरवरी को डॉक्टर अरविंद यादव की द्वितीय पुण्यतिथि पर निशुल्क मेगा चिकित्सा शिविर सहित रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। आयोजनकर्ता हीरालाल यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके पुत्र डॉ अरविंद यादव की द्वितीय पुण्यतिथि पर गरीब व असहाय लोगों की सेवा को ध्यान में रखते हुए निशुल्क नाक कान गला शिविर तथा निशुल्क जनरल बीमारियों से संबंधित इलाज किए जाएंगे। वहीं शिविर आयोजन के अंतर्गत रक्तदान शिविर का भी आयोजन होगा।जिसमें बड़ी संख्या में युवा लोग भाग लेंगे।वही हीरालाल यादव,नवीन यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनता है रक्त का दान करना मानव धर्म का सबसे बड़ा दान होता है। इस आयोजन के अंतर्गत विभिन्न डॉ की टीम अपनी सेवाएं देंगे।शिविर का आयोजन बागावास अहिरान के पंचायत परिसर में सुबह करीब 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। जिसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है।

## आसपुरा गौशाला में होगा महायज्ञ

जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निस)।** शहर के नजदीक ग्राम आसपुरा श्री कृष्णा गौधाम गौशाला मैं गौपृष्टि महायज्ञ का आयोजन होगा जिसमें अनेक साधु संत पधारकर सत्संग में भाग लेंगे !गौशाला समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि यह एक महायज्ञ अनूठा महायज्ञ होगा! इस महायज्ञ में हवन महाआरती व सत्संग का आयोजन होगा जिसमें अनेक साधु संत पधारेंगे ! यह यज्ञ पूज्या गौ माता की रक्षा के पुण्यार्थ कार्य को लेकर शुरू किया जाएगा बुधवार 5 फरवरी को सुबह 8.15 से सांय 5.15 तक आयोजन होगा।


**PUBLIC NOTICE**

I ASHISH SARAWAGI [PASSPORT NUMBER Z7087062] S/O BABU LAL SARAWAGI AND RUKMANY SARAWAGI ,R/O OPP. BANKA DHARAMSHALA ,RAJASTHAN, INDIA/GANESHCHOWK,BUDHANIL KANTHA,KATHMANDU ,NEPAL; AND PRARTHANA THAPA [PASSPORT NUMBER 07985010] D/O PRABAL BIKRAM THAPA AND NARAYANI THAPA, R/O MANAMAIJU 1,KATHMANDU. NEPAL/HATTIGAUDA,GANESH CHOWK,KATHMANDU ,NEPAL HAVE GOT MARRIED AT RADISSON HOTEL,KATHMANDU,NEPAL ON 2022-02-18 AS PER INDIAN TRADITION.SINCE THEN WE HAVE BEEN LIVING AS HUSBAND AND WIFE .WE HAVE PUBLISHED THIS NOTICE FOR REGISTRATION OF OUR MARRIAGE AT EMBASSY OF INDIA,KATHMANDU. IF ANYONE HAS ANY OBJECTION TO THE MARRIAGE ,HE/SHE CAN CONTACT +977-9851166022 AND EMBASSY OF INDIA,KATHMANDU.

**Change name**

Change of NameI, Jaypal Kotiya, S/o Gopal Krishan Kotiya, R/o Hanuman Dhora Sujangarh (Churu) Rajasthan, hereby declare that my correct name is Jaypal Kotiya. In all my future documents and records, I shall be known as Jaypal Kotiya only. Any concerns regarding this change may be communicated to the undersigned.Jaypal Kotiya.

Mo. 7425879585

**Office of the District Literacy and Continuing Education Officer, Churu**

File No. DLCEO/Churu/Literacy/2024-25/337 Date 31.01.2025

**Notice Inviting Bid (02/2024-25)**

Bids for TLM kit (Notebook, Pencils, Sharpener, Eraser) are invited from interested bidders upto 11.30 AM on 10.02.2025. Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state and notice board of this office. The Approximate maximum value of the procurement is Rs. 982200.

UBN No-LIT2425GSOB00022

राजेन्द्र प्रसाद
जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी
चूरू (राजस्थान)

DIPR/C/1424/2025

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका सांभर लेक के द्वारा संकल्प तारीख 29 /06/ 2015 द्वारा मंजूर लेबर समिति के पीछे रेगर मोहल्ला सांभर लेक ले आउट नक्शे में ब्लॉक संख्या बिल आवासीय भुखण्ड संख्या नील 82. 77 वर्ग गज का कालूराम पुत्र भैरूराम मेरे पिताजी के नाम का भूखंड का पट्टा कहीं गुम हो गया है जिस किसी को भी मिले निम्न वारिसान को सूचित करें

कैलाश चन्द
विनोद कुमार
जुगल किशोर पुत्र कालूराम
निवासी सांभर लेक
मो.7340256644


## विद्यारम्भ संस्कार कार्यक्रम का आयोजन




जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** प्रभा देवी सोढानी प्राथमिक आदर्श विद्या मंदिर में सोमवार को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर नव प्रवेशित 34 बालकों का विद्यारम्भ संस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। वैज्ञानिक डॉक्टर नरेंद्र कुमार जोशी, मुरारीलाल महर्षि, पुरुषोत्तम मिश्रा, गोविंद राम जांगिड़ व सुरेन्द्र कुमार इन्दोरिया ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नव प्रवेशित बालकों को तिलक लगाकर पाटी पोथी बस्ता देकर मिठाई खिलाकर विद्यारम्भ संस्कार किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नरेंद्र जोशी ने अपने विचार रखते हुए विद्यारम्भ संस्कार का महत्व बताया। अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य मुरारी लाल मिश्रा ने करवाया व स्वागत मधु शर्मा व तारामणि वेदी ने किया। इस मौके पर अशोक कुमार पारीक, सूरजभान बीजला, भवानी सिंह, सुनीता शर्मा, खुशबू जालुका ,ज्योति काछवाल, विठ्ठल मिश्रा, विकास शर्मा, अनूप मिश्रा सहित अभिभावक व विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विजेंद्र किलानियाँ ने किया।

# मिश्र परिवार ने महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल में बनवाए शौचालय

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के पंडित गंगधार मिश्र परमार्थ सेवा संस्थान सरदारशहर की ओर से हरिजन बस्ती में स्थित महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल में अब प्रसाधन परिसर का पुन निर्माण कर संस्थान को सुपुर्द किया गया। जिसमें भाइयों, बहिनों के लिए अलग शौचालय, स्नानघर का निर्माण करवाया गया। इस अवसर पर भारत माता के बड़े वॉलपेपर का विमोचन किया गया। सरदारशहर सेवा समिति के छोटे से आग्रह पर भामाशाह आशीष मिश्रा ने अपने पूज्य पिताजी निर्मल कुमार मिश्र की दूसरी पुण्यतिथि पर अपने पूर्वजों के नाम को यथार्थ साबित किया। गंगाधर मिश्र परिवार प्रतिवर्ष 2 स्कूलों में काम करवाता हैं। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुर्व नगरपालिका के उपाध्यक्ष राजेंद्र सोनी, कार्यक्रम की अध्यक्षता सरदारशहर के वरिष्ठ अधिवक्ता माणक चन्द भाटी ने की। प्रमुख शिक्षाविद् गिरिश लाटा, विप्र फाउंडेशन सरदारशहर के तहसील अध्यक्ष वैद्य महेंद्र शर्मा, शिक्षक नेता दुनीचंद जोशी, प्रभा पारीक व मंजु जैदिया बतौर मंचस्थ अतिथि उपस्थित रहे। उपरोक्त मंचस्थ अतिथियों ने बसंत पंचमी पर्व पर मां शारदे के चित्र के आगे दिप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेन्द्र सोनी ने कहा कि स्वयंसेवक आशीष मिश्रा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सेवा कार्य से प्रारम्भ से ही जुड़े हुए है। संघ में जैसे शारीरिक, बौद्धिक और व्यवस्था विभाग हैं। वैसे ही सेवा विभाग भी संघ कार्य के अन्तर्गत ही है। शारीरिक, बौद्धिक एवं मानसिक संस्कार देने वाले कार्यक्रमों के साथ-साथ निर्बल वर्गों की जीवन स्थिति सुधारने वाले सेवा कार्यक्रमों का भी उल्लेख किया गया है। शिक्षाविद् गिरिश लाटा ने कहा कि सेवा का भाव ही व्यक्ति को जीवन में सर्वाधिक आत्म संतोष प्रदान करने के साथ साथ सेल्फ मोटिवेशन अथवा आत्म प्रेरणा का भाव जागृत भी करता है। शिक्षाविद् प्रभा पारीक ने कहा कि युवा व्यक्ति ही अपने अनुरूप मूल्यनिष्ठ जीवन आध्यात्मिक शक्ति व प्रशासनिक क्षमता से परिवार, समाज को प्रेम, शांति, सत्यता, समरसता, लसद्भावना, आत्मिक दृष्टि जैसी जीवन मूल्यों को परमात्मा शिक्षा और विश्वास से सुसज्जित कर सकते हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता माणकचन्द भाटी ने कहा कि निसंदेह मिश्र परिवार अपने पूर्वजों की स्मृति में समय समय पर सामाजिक स्तर पर कुछ नया करने का प्रयास करता रहता है। पुण्य स्मृति का मतलब है किसी व्यक्ति के अच्छे कर्मों और उसकी याद को संजोना। अच्छे कर्म, सद्गुण, पवित्रता और नैतिक या धार्मिक योग्यत, वहीं स्मृति का मतलब है याद रखना। जिसका जीवित उदाहरण शहर का यह मिश्र परिवार है। इस अवसर पर गंगाधर मिश्र परिवार की तरफ से प्रत्येक विद्यार्थी को पढ़ाई किट व प्रतिभावान विद्यार्थियों को विशेष पुरस्कार दिया गया। मिश्र परिवार की तरफ से सामाजिक कार्यकर्ता व विप्र फाउंडेशन प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्र ने सभी आगंतुक अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मिश्र परिवार से नारायण मिश्र, रवि मिश्र, मदन मिश्र ने भी इस पुनीत कार्य में सहयोग किया। शिक्षक नेता दुनीचंद जोशी ने स्वयंसेवक आशीष मिश्रा को जीवन में यु ही प्रगतिपथ पर संचलन करते हुए परिवार का नाम रोशन करने का आशीर्वाद प्रदान किया। सामाजिक कार्यकर्ता मंजु जैदिया ने इस कार्यक्रम को सफल बताते हुए कहा कि व्यक्ति को अपने धन का सदुपयोग हमेशा जनता के लक्ष्य प्राप्ति में करना चाहिए। विप्र फाउंडेशन तहसील अध्यक्ष वैद्य महेंद्र शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन से ही अपने पूर्वजों की यादों का सम्मान किया जाता है। स्कूल शिक्षा परिवार के पूर्व अध्यक्ष भरत गौड़ ने अपने उद्बोधन शिक्षा के महत्व का उल्लेख किया। आशीष मिश्र से कार्यक्रम के पीछे के उद्देश्य पर पूछने पे उन्होंने एक संघ गीत की कुछ पंक्तियों का उल्लेख किया देश हमें देता हैं सबकुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें। आशीष मिश्र ने बताया कि पूरा कार्य भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री जितेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ हैं। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के युवा शहर अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजपुरोहित, देहात अध्यक्ष मांगीलाल सेवदा, किशन मोयल, सरदारशहर सेवा समिति की पूरी टीम एवं विकास पारीक, सुशील चौमाल, राकेश सोनगरा, फ्रेंड्स फॉरेवर टीम के अध्यक्ष प्रसन्न धुत, धीरज सिंह शेखावत, राजु खोखर, रवि नाथोलिया, नितिन सेठिया, चंद्र प्रकाश लाटा, रतन मॉयल, अमित आंचलिया, नरेश भाटी, गौरीशंकर भोजक एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ विकास सोनी सहित शहर के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सामाजिक कार्यकर्ता व शिक्षक सम्पत जांगिड़ ने किया।



## खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन बाजिया ने किया कार्यग्रहण



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग के खाद्य सुरक्षा अनुभाग में सोमवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन बाजिया ने कार्य ग्रहण किया।सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन बाजिया का स्थानांतरण सीकर से चूरू किया गया है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी मदन बाजिया चूरू में खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत रहे हैं।

## स्पोर्टस मीट के विजेताओं को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**बिसाऊ(निस)।** न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल बिसाऊ में स्पोर्टस मीट के तहत आयोजित कार्यक्रम जिसमें एथेलेटिक्स में 50 मिटर दौड, बाधा दौड व खो खो में उम्र 11 वर्ष के छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय छात्र/छात्राओं को प्रमाण पत्र, टॉफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर संस्था चेयरमेन नवीन सिहाग ने सभी बच्चों उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रधानाचार्य भंवरी शर्मा,शारीरिक शिक्षक रणजीत सिंह मौजूद रहे।

## विद्यारंभ संस्कार व यज्ञ महोत्सव



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर की धानुका आदर्श विद्या मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में बसंत पंचमी के अवसर पर विद्यारंभ संस्कार व यज्ञ महोत्सव का आयोजन सोमवार को हुआ। मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन से शुरू हुए कार्यक्रम में 11 वेदी पर 20 जोड़ों ने आहुतियां दी, जिसमें 44 महिलाएं व 51 विद्यार्थी भी शामिल रहें। स्कूल के अभिभावक के रूप में ओमप्रकाश चौमाल दंपत्ति उपस्थित रहे। इस दौरान बच्चों को पाटी-पोथी देकर व तिलक अर्चनकर पाटी पर ओम व स्वास्तिक लिखवाकर पाटी का पूजन करवाया गया। यज्ञ पंडित श्यामलाल शर्मा व पंडित ताराचंद शर्मा के सानिध्य में हुआ। प्रधानाचार्य सुनील कुमार महर्षि ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर महावीर सेवदा, लोकेश चौमाल, सुनील महर्षि, नरेंद्र कुमार चौमाल, रंजना इंदौरिया, मुरलीधर प्रजापत, मनोज कुमार शर्मा, गोविंद कुमार, राधिका हारित, पूजा शर्मा, दुष्यंत कुमार, सुरेश कुमार, नगेंद्र कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## श्याम मंदिर के 50 वें स्वर्ण जयंती महोत्सव पोस्टर का विमोचन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय प्रतिभा नगर स्थित श्री श्याम मंदिर के 50वें स्वर्ण जयंती महोत्सव को लेकर मन्दिर कमेटी ने तैयारियां शुरू कर दी है। पुजारी संतोष भूढ़ाढ़रा ने बताया कि 21 फरवरी से होने वाले कार्यक्रम को लेकर सोमवार को मंदिर प्रांगण में समाजसेवी कैलाश चंद्र नवहाल के नेतृत्व में श्री श्याम मित्र मंडल के विमल जोशी, सुरेन्द्र पीपलवा, ओम पीपलवा, ताराचंद महनसरिया, राजेश झिकनाडिया, राकेश ओझा, संदीप सोती, दिनेश बुढ़ाढ़रा व गौरव शर्मा ने पोस्टर का विमोचन किया। इसको लेकर श्याम मित्र मंडल के पदाधिकारियों ने घर-घर जाकर प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया। नवहाल ने बताया कि 21 फरवरी से 23 फरवरी तक दोपहर 1:15 बजे नानी बाई रो मायरो का आयोजन किया जाएगा। 22 फरवरी को संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। 24 फरवरी को 5 कुंडीय महायज्ञ होगा और 25 फरवरी को प्रातः 10 बजे श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का आयोजन आशीष शर्मा आशु व मनीष राज खांडल की ओर से अपनी मधुर वाणी से किया जाएगा। 26 फरवरी को प्रतिभा नगर स्थित श्री श्याम मंदिर से दोपहर 2 बजे भव्य निशान व शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## गाजसर के किसानों की भूमि को हाइवे से अलग करने का मामला प्रशासन के लिए बना जी का जंजाल

### पीड़ित किसानों ने कलेक्टर अभिषेक सुराणा से लगाई न्याय की गुहार

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** गाजसर के किसानों की भूमि को हाइवे से अलग करने का मामला जिला प्रशासन के लिए जी का जंजाल बन गया है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 36 चूरू से नोहर वाया गाजसर के निर्माण में भारी अनियमितता सामने आने के बाद गत दिनों चूरू एसडीएम बिजेंद्र सिंह ने मौके पर जाकर पीड़ित किसानों से वार्ता की थी, जो विफल रही। कुल मिलाकर मामले में नायब तहसीलदार महेन्द्र गहलोत की मिथ्या रिपोर्ट से एसडीएम की साख को आघात पहुंचा है। इस मामले को लेकर सोमवार को किसान कलेक्टर अभिषेक सुराणा के पास न्याय की गुहार की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने एसडीएम की बजाय ये जांच तहसीलदार गोरा से करवाने की मांग की। जबकि एसडीएम बिजेंद्र सिंह साफ छवि के धनी है। जानकारी के अनुसार गोपाल राम पुत्र खींवाराम और विकास पुत्र भागीरथ जाट निवासी गाजसर की कृषि भूमि इस रोड़ के ले आउट प्लान में शामिल थी, परन्तु अधिकारियों ने मनमाने तरीके से पुनः सर्वे कराके उनकी भूमि को सड़क से अलग कर दिया। आरोप है कि निरीक्षणकर्ता ने जानबूझकर रोही गाजसर को रोड से अलग दिखाकर उनके साथ घोर अन्याय किया है। इतना ही नहीं गलत कार्य करके संबंधित उच्च अधिकारियों ने हाईवे निर्माण के नियमों की धज्जियां उड़ा दी है। प्लान के अनुसार पुरानी सड़क के स्थान पर ही पुनः सड़क का निर्माण होना था और दोनों तरफ 50 फिट जगह छोड़नी थी। यहां नायब तहसीलदार महेन्द्र गहलोत और प्राधिकरण के अधिकारियों ने मिलीभगत कर हाइवे नंबर 36 पर गाजसर में इन किसानों के खेतों की तरफ जगह नहीं छोड़ी। इस मामले को लेकर रविवार को पीड़ित सहित बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों ने कलेक्टर अभिषेक सुराणा से वार्ता कर न्याय की गुहार लगाई।



## अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जयंती वर्ष पर प्रबुद्ध जन गोष्ठी



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के सरस्वती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की ओर से हर्षोल्लास से अहिल्या बाई होलकर की 300 वी जंयती के अवसर पर प्रबुद्धजन गोष्ठी आयोजन किया गया। समेकित बीएड के प्राचार्य प्रो पीके पांडिया ने इस अवसर पर कहा कि राजमाता अहिल्या बाई होलकर का व्यक्तित्व और कृतित्व सभी के लिए प्रेरणादाई है। लोकमाता अहिल्या बाई के जीवन से जुड़े अनेक प्रसंगों का जिक्र करते हुए उन्होने बताया कि वह किस हद तक न्याय प्रिय थी। वह न्याय के लिए अपने इकलौते बेटे के जीवन को भी बलिदान करने के लिए तैयार हो गई। उन्होने रानी अहिल्या बाई होलकर का भारतीय संस्कृति, धर्म और इतिहास में दिए गए योगदान का सविस्तार उल्लेख किया। डॉ आर के सैनी ने वर्तमान पीढ़ी को अहिल्या बाई होलकर के दिखाए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। रानी अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जयंती पर आयोजित प्रबुद्ध जन गोष्ठी में विचार व्यक्त करते हुए द्विवर्षीय बीएड के प्राचार्य डॉ लोकेश शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में रोहित सैनी, गोपाल यादव, सुमित्रा हुड्डा, हरि प्रसाद प्रजापत, सुमन लता सैनी, सुभाष चन्द्र, विनोद सैन, श्रवण सैनी, प्रसन्ना सैनी, कविता सैनी, कुशल राम आदि सहित बीएड विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पुष्पा ने किया। उपस्थित लोगों ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## ऑल इण्डिया में 11 वीं रैंक पर कोमल पारीक का अभिनंदन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय भोजलाई रोड की निवासी कोमल पारीक का एयर फोर्स में अग्नि वीर वायु में सलेक्शन होने पर परिवार में खुशी की लहर है। कमाल की बात ये है कि इस एग्जाम में 19 साल की कोमल ने ऑल इंडिया में 11वीं रैंक पाई। गत शाम को कोमल के ट्रेनिंग पूरी कर सुजानगढ़ पहुंचने पर भोजलाई चौराहा पर परिजनों ने डीजे के साथ जोरदार स्वागत किया और स्वागत जुलूस के रूप में बेटी को लेकर घर पहुंचे। जुलूस के दौरान तिरंगा ध्वज भी लहराया गया। कोमल ने अपनी सफलता का श्रेय माता रेखा देवी, पिता सीताराम पारीक को दिया। कोमल के पिता सीताराम पारीक ड्राइवर हैं, वहीं मां रेखा देवी गृहिणी हैं। इस मौके पर सुजीत सिंह राठौड़, महावीर प्रसाद सांखला, भवानी सिंह, बजरंगलाल सैनी, मधुसूदन शर्मा, बाबूलाल भामू, गजानंद सोनी, मुकेश पारीक, दिलीप कुमार पारीक सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।




## बाड़मेर में चिकित्सक के अपमान का विरोधः सरदरशहर में 2 घंटे हड़ताल, मरीजों को परेशानी



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** बाड़मेर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेड़वा में तैनात डॉ रामस्वरूप रावत के साथ उपखंड अधिकारी की ओर से किए गए अभद्र व्यवहार के विरोध में सोमवार को चिकित्सकों ने दो घंटे की हड़ताल की। सुबह 9 से 11 बजे तक चली इस हड़ताल में उप जिला अस्पताल सरदारशहर के सभी चिकित्सक शामिल हुए। अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ की कोर कमेटी के निर्णय के अनुसार यह विरोध प्रदर्शन पूरे राज्य में किया गया। हड़ताल के दौरान केवल आपातकालीन सेवाएं जारी रहीं। जबकि सामान्य मरीजों का इलाज रोक दिया गया। इससे अस्पताल में मरीजों की लंबी कतारें लग गईं और आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। अस्पताल प्रभारी डॉ चंद्रभान जांगिड़ और डॉ किशन सिहाग ने बताया कि एसडीएम की ओर से की गई अभद्रता न केवल एक चिकित्सक का व्यक्तिगत अपमान है बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं के लिए गंभीर खतरा है। डॉ चंदन मोठसरा ने कहा कि दोषी अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो राज्यभर के चिकित्सक कार्य बहिष्कार जैसे कठोर कदम उठा सकते हैं। इस विरोध प्रदर्शन में डॉ संदीप बिजारणियां, डॉ निर्मल पारीक, डॉ संजय बडगुजर, डॉ गजेंद्र मीणा, डॉ स्वाति गेट, डॉ अजीत चौधरी समेत कई चिकित्सक शामिल रहे। क्षेत्रीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों ने किया पेन डाउन

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** बाड़मेर जिले के सेड़वा सीएचसी पर ऑन ड्यूटी चिकित्सक के साथ अभद्र व्यवहार को लेकर लक्ष्मणगढ़ जिला अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों ने 2 घंटे की पेन डाउन हड़ताल की। जिला अस्पताल के चिकित्सक मनोज कुमार ने बताया कि सेड़वा एसडीएम की ओर से ऑन ड्यूटी चिकित्सक को अमर्यादित भाषा व पुलिस की धमकी देकर प्रताड़ित करने का जो प्रयास किया गया है व वीडियो बनाकर अपमानित करने का जो कार्य किया गया है, उसके विरोध में लक्ष्मणगढ़ जिला अस्पताल में 2 घंटे का पेन डाउन किया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार से चिकित्सकों की मांग है कि प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से जो निरीक्षण किया जाता है उसमें ग्रेड को ग्रेड को धान्य में रखते हुए जो सक्षम अधिकारी है उसे ही निरीक्षण के लिए भेजा जाए और वर्तमान में बाड़मेर के सेड़वा में जो घटनाक्रम हुआ है उसमें एसडीएम के विरुद्ध सरकार की ओर से उचित कानूनी कार्रवाई व प्रशासनिक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि हमारा संगठन चिकित्सक के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है। इस मामले में उचित करवाई नहीं होती है तो राज्य स्तरीय संगठन अरिस्दा जो भी निर्णय करेगा उसके अनुरूप ही आगे की रणनीति तय की जाएगी। इस मौके पर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अटल भास्कर सहित लक्ष्मणगढ़ जिला अस्पताल के चिकित्सक मौजूद रहे।



## नवजात बच्ची का मिला शव मिलने से फैली सनसनी

**लक्ष्मणगढ(निस)।** लक्ष्मणगढ़ इलाके में रविवार को एक नवजात बच्ची का शव मिलने का मामला सामने आया है। नवजात बच्ची का शव मिलने से इलाके में सन सनी फैल गई। जानकारी के अनुसार नवजात बच्ची के शव को कुत्तों ने नोंच भी रखा था। सूचना मिलने पर लक्ष्मणगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को लक्ष्मणगढ़ हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया है। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कर लक्ष्मणगढ़ नगरपालिका प्रशाशन के सुपुर्द कर दिया गया। पालिका के कर्मचारी, राजकुमार मीणा, कुरडाराम, पंकज, सुरेश वाल्मीकि, अनिल कुमार की ओर से शव का अंतिम संस्कार किया गया। जानकारी के अनुसार शव रविवार को उपखंड के कंटेवा रोड पर खाली प्लॉट के पास मिला जहां कुत्ते नवजात बच्ची के शव को मुंह में दबाकर घूम रहे थे जिसके बाद आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। कुत्तों ने नवजात बच्ची के शव को नोंच भी रखा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

# राजस्थान जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
4 फरवरी, 2025


## भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा का सरदारशहर में भव्य स्वागत



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** चूरू भाजपा के जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा का सरदारशहर में पहली बार आगमन होने पर पंचायत समिति सभागार में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां और पूर्व विधायक अशोक पींचा सहित वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। कार्यक्रम में जिला प्रमुख प्रतिनिधि रवि आर्य, सभापति राजकरण चौधरी, प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन राजपुरोहित सहित कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे। स्थानीय नेतृत्व में पूर्व प्रधान सत्यनारायण सारण और भेरू सिंह राजपुरोहित, क्रय विक्रय समिति अध्यक्ष लालचंद छिरगं, सरस डेयरी अध्यक्ष लालचंद मुंड तथा भूमि विकास अध्यक्ष ईश्वर डूडी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में पूर्व जिला महामंत्री जितेंद्र शर्मा, विधानसभा संयोजक राजेंद्र सोनी और भादासर मंडल अध्यक्ष राजवीर सिंह के साथ-साथ नगर मंडल अध्यक्ष मुकेश भामा भी शामिल हुए। स्थानीय नेताओं में पार्षद राकेश जगरवाल, गंगाधर टाक, बाबूलाल प्रजापति समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

## फर्जी बीएसएफ अधिकारी बनकर 'भगवान' से ठगे 50 हजार



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** साइबर अपराधियों ने एक नए तरीके से डॉक्टर को अपना शिकार बनाया। नया बास, चूरू के निवासी डॉ. एमएल श्यामसुखा को एक व्यक्ति ने खुद को बीएसएफ अधिकारी बताते हुए फोन किया। उसने कहा कि बीएसएफ में नई भर्तियां हो रही हैं और करीब 250 जवानों का मेडिकल टेस्ट कराना है। ठग ने डॉक्टर से मेडिकल टेस्ट की फीस के बारे में पूछा और फिर अग्रिम भुगतान के लिए एक लिंक भेजा। डॉक्टर के लिंक पर जानकारी भरते ही उनके बैंक खाते से 50 हजार रुपए निकल गए। पीड़ित डॉक्टर ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई है। यह मामला साइबर अपराधियों की ओर से अपनाए जा रहे नए-नए तरीकों का एक उदाहरण है, जिसमें वे सरकारी अधिकारी बनकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। पुलिस ने लोगों से अनजान व्यक्तियों की ओर से भेजे गए लिंक पर क्लिक न करने और किसी भी तरह की वित्तीय जानकारी साझा न करने की अपील की है।

## चिकित्सकों का दो घंटे रहा कार्य बहिष्कार

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** बाढ़मेर के सेड़वा में उपखंड अधिकारी की ओर से एक चिकित्सक के साथ की गई अभद्रता के विरोध में स्थानीय राजकीय बगड़िया अस्पताल में चिकित्सकों ने दो घंटे का कार्य बहिष्कार किया। इस दौरान चिकित्सक अपने चैम्बर्स में दो घंटे देरी से बैठे, जिसके कारण मरीजों को दो घंटे तक ज्यादा इंतजार करना पड़ा।

## डीबी अस्पताल में लूट का खेलः लेबर रूम में प्रसूता के परिजनों से मांगे रुपए



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** गर्वनमेंट डीबी अस्पताल, चूरू में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मातृ शिशु विंग के लेबर रूम में तैनात एक वार्ड लेडी की ओर से प्रसूता के परिजनों से पैसे मांगने की घटना वीडियो सामने आया है। मामले की जानकारी मिलते ही मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एमएम पुकार ने सोमवार को अस्पताल का दौरा किया और कड़ी कार्रवाई की। डॉ. पुकार ने स्टाफ को फटकार लगाते हुए कहा कि मरीजों के परिजनों से पैसे मांगना शर्मनाक है। उन्होंने तत्काल लेबर रूम इंचार्ज को बुलाकर संबंधित वार्ड लेडी को हटाने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही, संबंधित एनजीओ के संचालक को भी वार्ड लेडी को हटाने का आदेश दिया। प्रिंसिपल ने स्पष्ट किया कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ मिलना चाहिए। गौरतलब है कि डॉ. पुकार के प्रिंसिपल पद संभालने के बाद अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार देखने को मिल रहा है। इससे पहले उन्होंने इमरजेंसी वार्ड में ऑन कॉल डॉक्टरों की उपस्थिति अनिवार्य की है। साथ ही ओपीडी में जूनियर रेजिडेंट्स के स्थान पर सीनियर डॉक्टरों की ओर से मरीजों की जांच के आदेश दिए हैं।

# एग्रीस्टैक योजनांतर्गत फॉर्मर रजिस्ट्री शिविरों के लिए टीम मुस्तैद रहे : सुराणा

### जिला कलक्टर ने आवश्यक सेवाओं की बैठक में बिजली, पानी, चिकित्सा, संपर्क पोर्टल, ई - फाइल सहित विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को डीओआईटी वीसी सभागार में आवश्यक सेवाओं की बैठक में बिजली, पानी, चिकित्सा, संपर्क पोर्टल, ई - फाइल, एग्रीस्टैक योजनांतर्गत फॉर्मर रजिस्ट्री शिविरों सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा कर अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि एग्रीस्टैक योजनांतर्गत जिले में आयोजित होने वाले शिविरों के लिए टीम मुस्तैद रहे। शिविरों के आयोजन को लेकर की जाने वाली तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी हों। उन्होंने कहा कि शिविरों में आने वाले आमजन की शिकायतों को भी सुनें व उनके निस्तारण के प्रयास किए जाएं। शिविरों में नियुक्त कार्मिकों को समुचित प्रशिक्षण दिया जाए। शिविरों को लेकर समुचित प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने आगामी रीट भर्ती परीक्षा के आयोजन को लेकर निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप पारदर्शिता के साथ परीक्षा का सफल आयोजन किया जाए। परीक्षा के आयोजन के लिए सभी दिशा-निर्देशों का अध्ययन करें तथा गंभीरता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। परीक्षा आयोजन के लिए टीम को समुचित प्रबंधित करते हुए परीक्षा केन्द्रों की पूर्व जांच करें। परीक्षा केन्द्रों पर समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

संपर्क पोर्टल व जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्धारित समयसीमा में प्रकरणों का निस्तारण करें। अधिकारी सुनिश्चित करें कि अनावश्यक पेंडेंसी ना रहे। प्रकरणों में समुचित जवाब भिजवाएं व साथ ही कोशिश करें कि संतुष्ट स्तर बेहतरीन रहे। इसी के साथ सभी फाइल ई- फाइल मॉड्यूल में ही मूव की जाएं और फाइलों का समयबद्ध निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजनांतर्गत पशुपालकों की ओर से उनके पशुओं का बीमा करवाने की अंतिम तिथि को बढ़ाया गया है। प्रयास करें कि इस अवधि में शत- प्रतिशत लक्ष्य पूरा हो।

जिला कलक्टर ने गजेटियर, बिजली, पानी, चिकित्सा, संपर्क पोर्टल, पंच गौरव में शामिल किए गए उत्पादों के लिए कार्य योजना, सफाई व्यवस्था, जल भराव आदि बिंदुओं पर चर्चा कर समुचित दिशा- निर्देश दिए और बर्ड फेस्टिवल के सफल आयोजन के लिए पूरी टीम को बधाई दी। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर, कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल, डीओआईटी एसीपी नरेश टुहानिया, सीडीईओ जगबीर सिंह यादव, डिस्कॉम एसई आरपी वर्मा, आईसीडीएस डीडी नरेंद्र सिंह शेखावत, एसजेईडी नगेंद्र सिंह,सांख्यिकी सहायक निदेशक आरजी सेपट, सीपीओ भागचंद खारिया, उद्योग महाप्रबंधक उजाला, डीटीओ नरेश कुमार, जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत, कृषि सहायक निदेशक कुलदीप शर्मा, एलडीएम अमर सिंह, कॉपरेटिव एमडी मदनलाल, पीएचईडी एक्सईएन प्रेम कुमार व वीसी के जरिए सभी उपखंडों से अधिकारी, कर्मचारी जुड़े रहे।

## बीडीसी सदस्य के लिए कांग्रेस से गणेशी, भाजपा से मूली व आरएलपी से गजूराम ने किया नामाकंन दाखिल



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** पंचायत समिति के ब्लॉक नम्बर 8 के सदस्य सोहनलाल जाखड़ के निधन के बाद इस ब्लॉक की सीट खाली हो गई। यहां पर उप चुनाव के होने है। जिसको लेकर सोमवार को सरदारशहर एसडीएम कार्यालय में कांग्रेस से पूर्व बीडीसी सदस्य भादासर उतराधा के सोहनलाल जाखड़ की धर्म पत्नी गणेशी देवी जाखड़, भाजपा भादासर उतराधा की मूली देवी जाखड़ और आरएलपी से बंधनाऊ के गजूराम जाट ने एसडीएम कार्यालय के नामांकन दाखिल किया। इस ब्लॉक से निर्दलीय के रूप में किसी ने भी नामाकंन नहीं किया गया। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी के साथ उप प्रधान केशरीचंद्र शर्मा, कांग्रेस नगर अध्यक्ष जितेंद्रसिंह राजवी, महावीर जाखड़ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता साथ रहे। इसी प्रकार भाजपा प्रत्याशी के नामांकन के दौरान पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, पूर्व विधायक अशोक पींचा, सभापति राजकरण चौधरी, मधुसुदनसिंह राजपुरोहित, डेयरी चेयरमेन लालचंद मूंड, क्रय-विक्रय सहकारी समिति के चेयरमैन लालचंद छीरंग, परमेश्वरलाल जाखड़ आदि उपस्थित रहे। इसी प्रकार आरएलपी के प्रत्याशी के साथ जिलाध्यक्ष मदन ढाका, राकेश चौधरी, रूपाराम सारण सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। दोनों पार्टियों के नेताओं ने अपने-अपने पार्टी के प्रत्याशी की जीत का दावा किया है।

### 14 मतदान, 15 फरवरी को मतगणना

तहसीलदार रतनलाल मीणा ने बताया कि उप चुनाव के लिए 14 फरवरी को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान डाले जाएंगे। इसी प्रकार 15 फरवरी को 9 बजे से मतगणना शुरू होगी। जीत हार का रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा।

## दस दिन से अंधेरे में डूबा नाहरसरा, आक्रोशित ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय का किया घेराव



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के नाहरसरा गांव में पिछले 10 दिनों से विद्युत सप्लाई पूरी तरह से बंद है। जिसके कारण 350 घरेलू कनेक्शन और 46 कृषि कनेक्शन बंद पड़े हैं। गांव में जहां अब मोबाइल चार्ज करने तक की व्यवस्था नहीं है तो वहीं कृषि कनेक्शन पर विद्युत सप्लाई बंद होने से किसानों की फसलें पूरी तरह से चौपट होने की कगार पर पहुंच चुकी है। ग्रामीण और किसान पिछले चार दिन से अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय के आगे दिन-रात कड़कड़ाती ठंड में धरने पर बैठे हुए हैं। लेकिन प्रशासन की ओर से उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया। आखिरकार सोमवार को ग्रामीण और किसानों ने ताल मैदान से लेकर तहसील कार्यालय तक विरोध रैली निकाली और उसके बाद में तहसील कार्यालय का घेराव कर तहसील कार्यालय का कार्य ठप करवा दिया है। किसानों ने पूरी तरह से तहसील कार्यालय पर कब्जा कर लिया है। विरोध प्रदर्शन में शामिल महिलाएं तहसील कार्यालय में नृत्य कर और लोकगीत गाकर विरोध प्रदर्शन कर रही है। किसान नेता रामकृष्ण छिंपा ने बताया कि नाहरसरा गांव में पिछले 10 दिनों से विद्युत सप्लाई बंद है। ग्रामीणों का जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि पिछले चार दिनों से हम लोग एसडीएम कार्यालय के आगे अनिश्चितकालीन धरना दिए हुए बैठे हैं। लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। आक्रोशित किसानों व ग्रामीणों ने अब तहसील कार्यालय पर कब्जा किया है। उनका कहना है कि जब तक समस्या का समाधान नहीं होता हमारा विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

## जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने फार्मर रजिस्ट्री शिविरों के आयोजन को लेकर दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने आदेश जारी कर कृषि व किसान मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से संचालित की जा रही एग्रीस्टेक परियोजना अन्तर्गत जिले में 05 फरवरी, 2025 से आयोजित किए जाने वाले 03 दिवसीय फार्मर रजिस्ट्री शिविरों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए विस्तृत निर्देश दिए हैं। जारी आदेशानुसार 05 फरवरी, 2025 से 09 फरवरी, 2025 तक जिले की प्रत्येक तहसील में एक-एक ग्राम पंचायत में शिविर (प्रति सप्ताह 02 ग्राम पंचायत), 10 फरवरी, 2025 से 16 फरवरी, 2025 तक जिले की प्रत्येक तहसील में दो-दो ग्राम पंचायतों में शिविर (प्रति सप्ताह 04 ग्राम पंचायत) तथा 17 फरवरी 2025 से 31 मार्च 2025 व जब तक सभी ग्राम पंचायतों में शिविर सम्पन्न हो जाएं, जिले की प्रत्येक तहसील में पांच-पांच ग्राम पंचायतों में शिविर (प्रति सप्ताह 10 ग्राम पंचायत) आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में चूरू एसडीएम व एलआर प्रभारी अधिकारी बिजेन्द्र सिंह को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी, एनआईसी डीआईओ देवेश अग्रवाल को आईटी नोडल अधिकारी, डीओआईटी उपनिदेशक नरेश छिंपी सहायक आईटी नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला कलक्टर ने बताया कि जिले में फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर किया जाएगा। फार्मर रजिस्ट्री के तहत प्रत्येक किसान का 11 डिजिट का पहचान पत्र बनाया जाएगा, जो पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, किसान केडिट कार्ड, एमएसपी सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में लाभ लेने के लिए आवश्यक होगा। फार्मर्स रजिस्ट्री प्रोजेक्ट के तहत किसानों के फार्मर आईडी बनाने का कार्य ग्राम पंचायत स्तर पर चरणबद्ध शिविरों के माध्यम से सम्पादित किया जाना है। उन्होंने विभागवार दायित्व सौंपते हुए सभी अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए हैं।

## चोरी के आरोपी को 2 साल का कारावास

जयपुर टाइम्स


**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय एसीजेएम न्यायाधीश विकास गजराज ने चोरी के दो साल पुराने प्रकरण में आरोपी मनोज कुमार पुत्र हड़मानाराम निवासी वार्ड न. 1, सुजानगढ़ को 2 साल के साधारण कारावास की सजा से दंडित किया है। अभियोजन अधिकारी महेश नेहरा ने बताया कि 2 हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। प्रकरण के अनुसार 15 जनवरी 2023 को परिवादी मोहनलाल ने ऑफिस में चोरी का मामला दर्ज करवाया था, जिस पर पुलिस ने अनुशंधान के दौरान आरोपी मनोज कुमार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से टिफिन, जुते, हाथ घड़ी आदि सामान बरामद किया था। अभियोजन की ओर से तमाम साक्षी को परीक्षित करवाते हुए न्यायालय में परिवादी की पहचान करवाई गई। आरोपी मनोज कुमार को बीकानेर जेल से लाकर न्यायालय में पेश किया गया, जिसे सजा सुनाने के बाद वापस बीकानेर जेल भेज दिया गया। मुल्जिम के फिंगर प्रिंट हैड कांस्टेबल नंदकिशोर की ओर से लिए गए। सरकार की ओर से अभियोजन अधिकारी महेश नेहरा ने पैरवी की।

## सूर्य सप्तमी पर विद्यालयों में हजारों विद्यार्थियो ने किया सूर्य नमस्कार

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** सूर्य सप्तमी के पावन अवसर पर तारानगर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में प्रिंसिपल मंजू गोठवाल के मार्गदर्शन में सूर्य नमस्कार करवाया। मुख्य अतिथि पार्षद हरि इंदौरिया ने हर रोज सुबह सूर्य नमस्कार करने से शरीर को होने वाले फायदे बताए। इस अवसर पर एसीबीईओ बाबूलाल बुनकर ने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और रोज सूर्य नमस्कार करने के लिए प्रेरित किया जिससे स्वास्थ्य सही रहे। इस मौके पर एसीबीइओ द्वितीय भागचंद सोलंकी, अध्यापिका, उर्मिला, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी दीपचंद शेखू, रामनिवास, रामसिंह सहित विद्यालय स्टॉफ व बच्चे उपस्थित रहे। उप प्रधानाचार्य भागचंद किरोड़ीवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया।







**उदयपुरवाटी (निस)।** कस्बे की एसएमएस विद्यालय में राजस्थान सरकार व शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सूर्यसप्तमी के अवसर पर सूर्य नमस्कार करवाया गया। योग प्रशिक्षक विकास कुमावत व ममता भोखल ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार योग करवाकर इसके लाभ बताए। साथ ही योग से स्वस्थ होने के फायदे भी बताए। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य प्रभूदयाल सैनी, सचिव बंसीधर चौधरी, चेयरमैन रामावतार सैनी, सतीश जांगिड़, राजेश चौधरी, राजेंद्र प्रसाद, विनोद, हेमसिंह, संगीता महला, अनिता, भावना सैनी आदि मौजूद रहे।

**रतनगढ़ (निस)।** संचियालाल बैद माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में सोमवार को सूर्य सप्तमी के अवसर पर सूर्य नमस्कार किया गया। योग प्रभारी अमित हरितवाल के निर्देशन में विद्यार्थियों ने मंत्रोच्चार के साथ 13 सूर्य नमस्कार किए, जिसमें विद्यार्थियों व स्कूल परिवार के सदस्य शामिल रहें। इसके पश्चात बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती पूजन के साथ विद्यारंभ संस्कार व पट्?टी पोथी पूजन किया गया जिसमें 11 जोड़ों ने भाग लिया और 27 बच्चों का विद्यारंभ संस्कार किया गया। प्रधानाचार्य शरदकुमार शर्मा ने विद्यारंभ संस्कार की जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल प्रभारी नंदकिशोर ताम्रायत, कृपाशंकर स्वामी, गोपाल गौड़ सहित कई लोग उपस्थित रहे।

**सुजानगढ़ (निसं.)।** सूर्य सप्तमी के अवसर पर सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों की ओर से सामूहिक योगाभ्यास किया गया। गांव मलसीसर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मसिंह मीणा ने बताया कि स्कूल में 469 बच्चों ने एक साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार किया। बच्चों के साथ योगाभ्यास में शिक्षक भी सम्मिलित हुए। इसी प्रकार अन्य सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में भी सूर्य नमस्कार किया गया।


स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।